वर्ष- 21 अंक - 243 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 16 फरवरी 2026

# पाकिस्तान में मातम, फूटे टीवी

## न्यूज एंकर बोली– इस कदर बेइज्जती, इतने निकम्मे

## पाकिस्तानियों ने कहा– इससे अच्छा तो यह टीम ही खत्म कर दो

सोमवार ● एजेंसी

कल टी20 वर्ल्डकप के मुकाबले में भारत के हाथों पाकिस्तान की करारी हार से पूरा पाकिस्तान रो रहा है, मातम मना रहा है। हार से गुस्साए लोगों ने जगह-जगह टीवी और एलईडी फोड़ दिए। पाकिस्तानी लोग कहने लगे कि इससे अच्छा तो यह पाकिस्तानी टीम ही खत्म कर दो। इसी तरह पाकिस्तान की एक न्यूज एंकर हुदा शाह अपनी टीम पर इतनी भड़क गईं कि उन्होंने अपने खिलाड़ियों को निकम्मा तक कह दिया। उन्होंने पाकिस्तानी टीम के प्रदर्शन को बेशर्मी की हद बताया। हुदा शाह ने कहा कि इससे तो अच्छा था कि हम ये फैसला ही वापस नहीं लेते खेलने का कम से कम इस बेइज्जती से तो बच जाते।






### बीच मैच में ही भाग निकला 'ट्रॉफी चोर' नकवी

पिछले साल टीम इंडिया ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के हाथ से एशिया कप ट्रॉफी लेने से इंकार किया था। इसके बाद नकवी ट्रॉफी लेकर चले गए थे। तब से ही नकवी को ट्रॉफी चोर कहा जाता है। कल के मैच में नकवी पाकिस्तान को हारता देख बीच मैच में ही उठकर चले गए।

### नो हैंडशेक का 'तमाचा'

कल के मैच में टॉस के दौरान कप्तान सूर्या ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा को इग्नोर किया और फिर जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया। ज्ञात रहे कि पहलगाम हमले के बाद से टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नो हैंडशेक की पॉलिसी अपनाई है।

### फुल कंबल कुटाई

टीम इंडिया के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने पाकिस्तान की हार को फुल कंबल कुटाई बताया।

### पुलिस ने भी लिए मजे

दिल्ली पुलिस ने भी पाकिस्तान की हार पर मजे लेते हुए यह कमेंट किया कि गलत जगह यू टर्न लोगे तो यूं ही मुंह की खाओगे।

### फिल्मी सितारे बोले– क्या खेला है

टीम इंडिया के जीत पर अजय देवगन ने कहा– टीम इंडिया ने क्या खेला है! धुरंधर' एक्टर अर्जुन रामपाल ने कहा काम पूरा हो गया। इसी तरह अनिल कपूर, विवेक ओबेरॉय, अनुपम खेर ने भी टीम इंडिया की जीत पर गर्व जताया।

### बाप तो बाप होता है

कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि अब पता चला कि पाकिस्तान खेलने से क्यों कतरा रहा था। उन्होंने कहा कि बाप (भारत) के चक्कर में बेटा (पाकिस्तान) फिर फंस गया। उधर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि बाप तो बाप होता है। पहले हमारी सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। फिर खिलाड़ियों ने कड़ा जवाब दिया।

## अहमदाबाद के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद.एजेंसी।** अहमदाबाद के तीन स्कूलों को एक धमकी भरा ईमेल मिला है, जिसमें परिसर को बम से उड़ाने की बात कही गई है। स्कूल को प्राप्त हुए ईमेल में स्कूल को 1:11 बजे बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई है। पुलिस ने मामला गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है और स्कूलों में डॉग स्क्वाड, बम डिस्पोजल स्क्वाड (बम स्क्वाड) की टीमों के साथ व्यापक जांच शुरू की गई है।

## आज दोपहर में हुई भस्म आरती

**उज्जैन.एजेंसी।** महाकाल मंदिर में रोज तड़के या आधी रात को भस्म आरती होती है, लेकिन साल में एक बार याने शिवरात्रि के अगले दिन यहां दोपहर में भस्म आरती की जाती है। आज भी यहां दोपहर 12 बजे भस्म आरती हुई।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अमेरिका ने की भारत की तारीफ!

**नई दिल्ली.एजेंसी।** अमेरिकी नौसेना के कमांडर पपारो भारत दौरे पर दिल्ली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की जमकर तारीफ की और भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को बढ़ाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का नाम आते ही भारत की सराहना करते हैं, क्योंकि भारतीय सेना ने इसमें अद्भुत संयम, रणनीतिक सटीकता और ताकत के जरिए शांति बनाए रखने की मिसाल पेश की।



## दिल्ली में आज से राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों का जमावड़ा

### प्रधानमंत्री मोदी करेंगे एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन

नई दिल्ली ● एजेंसी




राजधानी दिल्ली में आज से एआई इम्पैक्ट समिट होने जा रहा है। यह इवेंट 20 फरवरी तक चलेगा। यह इवेंट नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इसका उद्घाटन करने पहुंचेंगे। इस इवेंट में दुनियाभर के देशों के लीडर, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और बड़ी-बड़ी एआई कंपनियों के सीईओ शामिल होंगे, लेकिन पाकिस्तान को इस इवेंट में नहीं बुलाया गया। इवेंट में कई देशों के राष्ट्रपति, 2 देश के उपराष्ट्रपति और 9 देश के प्रधानमंत्री और दुनियाभर की बड़ी टेक कंपनियों के CEO और उनके मालिक शामिल होंगे। समिट शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा– 'इनोवेटर्स का स्वागत है...'।

## रहस्यमय बीमारी से 15 दिन में 12 मौतों से हड़कंप

**पलवल.एजेंसी।** हरियाणा के पलवल के छायंसा गांव में पिछले 15 दिन में 12 मौतें हो चुकी हैं। मरने वालों में 5 स्कूली बच्चे भी हैं। लगातार हो रही मौतों से ग्रामीण दहशत में हैं। जिसके बाद से स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में ही डेरा डाले हुए है, लेकिन मौत का यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। बड़ी तादाद में लोग बीमार पड़े हैं। मौत कैसे हो रही इसका पता नहीं चल पा रहा। ज्यादातर मामलों में बुखार, खांसी, बदन दर्द और उल्टी जैसे लक्षण मिल रहे हैं। जितनी भी मौत हुईं, उन सभी में यही लक्षण थे।

## न्यूज ब्रीफ...

### देश छोड़कर भाग रहे यूक्रेन के पूर्व ऊर्जा मंत्री गिरफ्तार

**सोमवार.एजेंसी।** यूक्रेन के पूर्व ऊर्जा मंत्री जर्मन गालुशचेंको देश छोड़कर भाग रहे थे, लेकिन उन्हें बॉर्डर पर पकड़ लिया गया। भ्रष्टाचार के मामले में वे पहले ही पद से इस्तीफा दे चुके हैं और अब वे देश से भागने की फिराक में थे।



### मुख्यमंत्री मोहन यादव का हेलिकॉप्टर हवा में लड़खड़ाया

**खंडवा.एजेंसी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हेलिकॉप्टर हवा में लड़खड़ाने लगा। वे खंडवा के पंधाना में राज्यस्तरीय लाड़ली बहना योजना के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। टेक ऑफ के बाद हेलिकॉप्टर पीछे की तरफ चला गया और कुछ देर हवा में रुकने के बाद हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी।

### विधानसभा का बजट सत्र शुरू

**भोपाल.एजेंसी।** मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज शुरू हो गया। वंदे मातरम् गायन के बाद राज्यपाल मंगू भाई पटेल का अभिभाषण के साथ सत्र की शुरुआत हुई।

### 6 गायों के शव मिलने से हड़कंप

**बिजनौर.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के बिजनौर में एक नहर के किनारे 6 मरी हुई गायें मिलने से हड़कंप मच गया। मौत कैसे हुई इसका पता नहीं लग पा रहा है।

### कल सूर्य ग्रहण

**सोमवार.एजेंसी।** कल 17 फरवरी को साल का पहला वलयाकार सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है, जिसे 'रिंग ऑफ फायर' कहा जाता है यह सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा।

### चांदी फिर गिरी

**सोमवार.एजेंसी।** सोने-चांदी की कीमतों में आज गिरावट देखने को मिली। बुलियन की वेबसाइट के अनुसार चांदी की कीमत 7940 रुपए गिरकर 2.38 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 1250 रुपए गिरकर 1.55 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

### कार की चपेट में आने से दूल्हे की मौत

**आगरा.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के आगरा जिले में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दूल्हे और रिश्तेदार को रौंद दिया जिससे दोनों की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और शादी के घर में मातम छा गया।

# बाणगंगा क्षेत्र में निकली शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

## झांकियां और आदिवासी नृत्य की टोली रही आकर्षण का केंद्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





पूर्व पार्षद और वरिष्ठ के.के. यादव और पार्षद शिवम यादव ने बताया कि संस्था नमो नवग्रह (शनि) एवं सत्यमेव जयते द्वारा तीन दिवसीय महाशिवरात्रि का आयोजन बाणेश्वर कुण्ड पर किया गया। कई अलग-अलग आयोजन हुए। कल सैकडों शिवभक्त श्रद्धालुओं की मौजूदगी में बाणगंगा क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में बैंड, बाजे, बग्घी, झांकियां और आदिवासी नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा। 100 से अधिक मंचो से शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र के अलावा बडी संख्या में गणमान्यजन शामिल रहे। पूरा क्षेत्र ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव की गूंज से भक्तिभाव में विभोर हो गया। भगवान के विवाह की रस्म भी की गई। हल्दी-मेहंदी, कुमकुम, कीर्तन, रात्रि जागरण और यात्रा का आयोजन इन तीन दिनों में किया गया। 150 से अधिक कालोनी के श्रद्धालु मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में भगवान शिव की स्तुति का यह सबसे बड़ा आयोजन होता है इसलिए श्रद्धालुओं को इसका इंतजार रहता है। शोभायात्रा में सर्वधर्म, राजनीतिक, सामाजिक, संगठन व संस्थाओं के अलावा खेल, प्रतिभाशाली वर्ग, साधु-संत के लोग भी शामिल हुए। पूरा माहौल शिवमय हो गया। महिला संयोजक मंजू यादव, तारा यादव ने बताया कि आयोजन के लिए 5 हजार वर्गफीट में व्यवस्था की गई थी। भक्तजनों के लिए 100 क्विंटल फ़रियाली भी वितरित किया गया। बडी संख्या में जनप्रतिनिधि और भाजपा-कांग्रेस के नेता, यादव समाजजन, रहवासी ने भी यात्रा में शिरकत की।



# पूर्व विधायक ने किया व्यासपीठ का पूजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 1 के कृष्णबाग गली नं. 2 में काशी विश्वनाथ मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा और शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। जितेन्द्र पाठक के श्रीमुख से कथा का रसपान हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक संजय शुक्ला, आकाश विजयवर्गीय, प्रेम विजयवर्गीय सहित अन्य राजनेताओं ने भी शिरकत की। भगवान की प्रतिमाओं की स्थापना भी विधि-विधान से की गई।

# वंदे मातरम् गाओ नहीं तो छक्का बना देंगे-परमार

## मस्जिद के सामने मामला हुआ तो पुलिस ने बढ़वाई गाड़ी आगे, दूसरे वर्ग के लोगों ने ली आपत्ति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



दलित हिन्दूवादी नेता मनोज परमार कल शिवरात्रि पर शिव की बारात में शामिल होने बुरहानपुर पहुंचे। बारात के दौरान बुरहानपुर की जामा मस्जिद के सामने सभा हुई इसी दौरान परमार ने हजारों लोगों के बीच अपने भड़काऊ भाषणों में विशेष संप्रदाय को धमकी दी कि भारत में रहने वाले हर व्यक्ति को वन्दे मातरम् के पूरे छः छंद गाना पड़ेगा नहीं तो छः नम्बर बना दिये जाओगे। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों केन्द्र सरकार ने वन्दे मातरम को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया है। उसी के अन्तर्गत परमार ने सार्वजनिक मंच से अपने उद्बोधन में इस तरह की धमकी दी। परमार का जब इस तरह का उद्बोधन हुआ तो वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों ने मौके की नजाकत को समझते हुए यात्रा को आगे बढ़वाया और जिस साउंड की गाड़ी से परमार का उद्बोधन चल रहा था उस वाहन को भी पुलिस ने आगे धकेल दिया। बताया गया कि परमार ने जो भाषण मस्जिद के सामने साउंड की गाड़ी से दिया था उसके बाद दूसरे वर्ग के लोगों ने उत्तेजित भाषण पर आपत्ति ली थी और इसकी जानकारी पुलिस अधिकारियों को भी दी थी।



## कांग्रेस नेता ने खीर और ठंडाई प्रसाद का किया वितरण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 2 के वार्ड 23 परदेशीपुरा क्षेत्र में कल महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ को भोग लगाने के बाद कांग्रेस नेता कमलेश पाठक ने श्रद्धालु के रूप में खीर और ठंडाई प्रसाद का वितरण किया।

# शिवसेना जिला प्रमुख पद की घोषणा जल्द होगी

## भोपाल बैठक में हुआ निर्णय, वर्तमान प्रमुख को हटाया





**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शिवसेना की प्रादेशिक स्तर की बैठक भोपाल में आयोजित की गई। उसमें इंदौर जिला प्रमुख के दायित्व पर एक वर्ष से अधिक समय से रहे लक्ष्मणराम कुमावत को तत्काल पद से मुक्त कर दिया गया। यह आदेश कार्यकारी राज्य प्रमुख नाहरसिंह गौड़, युवासेना राज्य प्रमुख प्रभात पुरानिया, चरित्र शर्मा की मौजूदगी में लिया गया। अब सक्रिय और निष्क्रिय आधार पर खाली हुए शिवसेना जिला प्रमुख पद की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

## पार्षद ने पत्नी के साथ भोलेनाथ से मांगी खुशहाली



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा 5 के वार्ड 54 के पार्षद महेश बसवाल ने अपनी पत्नी छाया बसवाल व अपने पुत्र के साथ शिव मंदिर पहुंचकर वहां अभिषेक, पूजन, आराधना की। मंत्रोच्चार विधि-विधान से पूजन के बीच कल महाशिवरात्रि पर वार्ड 54 एवं पूरे विधानसभा 5 के साथ इंदौर की खुशहाली की कामना की।



# खिचड़ी प्रसाद का वितरण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा कल शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का पूजन कर खिचड़ी का भोग लगाया और फिर विद्यार्थी और श्रद्धालुओं को वितरण भी प्रसाद का किया। संजय अरोड़ा, कांग्रेस नेता सुनील यादव, राकेश अरोड़ा, रणजीत सिंह त्रेहन, बबल खालसा, मेहर सिंह टक्कर, संत सिंह, जसवंत सिंह, जयप्रकाश मौर्य, वेदप्रकाश राय, केवल नारंग, गिरीश सदानी, चिराग अरोड़ा, शिवम अरोड़ा, सुनील पंचोली, विनोद पारीक, मुकेश पंजवानी, गिरीश साहनी, डिंपल धीर मौजूद थे।

# सनातन संघ ने किया राजस्थानी परम्परानुसार सम्मान



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राष्ट्रीय सनातन सेवा संघ, कट्टर हिंदू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं तरुण व्यास महाराज के नेतत्व में सांसद शंकर लालवानी का राजस्थानी परम्परानुसार सम्मान गांधी हॉल में किया गया। नाथद्वारा की पगड़ी पहनाई, राजस्थानी वेशभूषा का ओपन्ना पहनाया गया। तरुण व्यास, गोलू सेन, हितेश बैस, कमलेश रमबाडिया, रिषभ वर्मा, गोविन्द सोनी, दीपक महाराज सहित अन्य मौजूद थे।

## पार्षद दम्पति ने खिचड़ी के साथ किया अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** देपालपुर विधानसभा के शहरी वार्ड 16 की पार्षद और उनके पति सोनाली मुकेश धारकर ने कल शिवरात्रि पर छोटा बांगड़दा मेन रोड पर फलाहारी साबूदाना खिचड़ी और रुद्राक्ष वितरण का आयोजन किया। कार्यक्रम में अलग-अलग समय कई राजनेता भी पहुंचे। सांसद शंकर लालवानी, अश्विन शुक्ला, सुशील शर्मा, कुलदीप चौकसे, बहादुरसिंह डाबी, आशीष शुक्ला, चन्द्रेश गोस्वामी, रामनारायण मिश्रा, कृष्णा बैरागी, राहुल राजपूत, मामा तिवारी, विशाल जोशी, विनोद सेन, बबलू पाण्डे, स्वर्ण मेडल, अनिता बालसोरा, वैशाली चौपड़ा, अनिता यादव, संतोष बारिया ने भी इस भक्तिभाव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# अभिभाषकगण आज न्यायालयीन कार्य से हैं विरत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

अभिभाषक संघ, इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि शनिवार को मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में दिनदहाड़े एडवोकेट संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इससे प्रदेश के अभिभाषक समुदाय में गहरा रोष व्याप्त है।इस घटना के विरोध में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के आह्वान पर आज मध्यप्रदेश के सभी अभिभाषकगण न्यायालयीन कार्य से विरत रहेंगे और






विरोध प्रदर्शन करेंगे। आज मध्यप्रदेश के सभी अभिभाषक न्यायालयीन कार्य से विरत रहेंगे और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग करेंगे। गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि मध्यप्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग अभिभाषकगण विगत बीस वर्षों से लगातार करते आ रहे है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष- 2012 से लेकर आज-तक मध्यप्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने का वकीलों को केवल आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नही किया जा रहा है।

# नगर भाजपा के सामने साढ़े 4 करोड़ से अधिक क़ी आजीवन निधि का लक्ष्य





## *अभी हुई है 25 लाख की राशि एकत्रित, विधानसभाओं से आना है राशि के चेक*

## *कल मंत्री, सांसद, महापौर और ताई से लिए आजीवन निधि के चेक*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

नगर भाजपा ने गत वर्ष भी 4 करोड़ से अधिक की आजीवन सहयोग निधि की राशि एकत्रित की थी। इस बार भी नगर भाजपा गत वर्ष के आंकड़े को छूकर पीछे छोड़ना चाहती है। आजीवन सहयोग निधि अभी बड़े वरिष्ठ नेताओं से सम्मान स्वरूप ली जा रही है। इस बार भाजपा ने साढ़े 4 करोड़ से 5 करोड़ के बीच का लक्ष्य आजीवन सहयोग निधि का बनाया है। अभी तक करीब 25 लाख की राशि एकत्रित हो गई है। नगर की साढ़े 5 विधानसभाओं से अभी चेक आना बाकी है। वहीं से बड़ा टारगेट पूरा होता है। 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान में कल पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निवास पहुंचकर नेताओं ने समर्पण निधि का चेक संग्रहण किया। इन सभी बड़े नेताओं ने भी अध्यक्ष सुमित मिश्रा और प्रभारियों को ससम्मान चेक आजीवन सहयोग निधि के भेंट किए, उन्हें सहयोग निधि की रसीद भी दी गई।

## महापौर ने की शिवलिंग के समक्ष आराधना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्राचीन भूतेश्वर महादेव मंदिर पंचकुइया पर कल महाशिवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था की दरकार नजर आई। भीड के बीच महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी इस प्राचीन मंदिर पहुंचे और उन्होने शिवलिंग के समक्ष बाबा भूतेश्वर महादेव का अभिषेक कर पूजा आराधना भी की।



## भाजपा के जिला प्रभारी कल लेंगे परिचय बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला भाजपा के नए प्रभारी शैलेन्द्र डागा कल पहली बार भाजपा कार्यालय में जिले के पदाधिकारियों से परिचय बैठक दोपहर 11.30 बजे लेंगे। इस बैठक में जिला भाजपा के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक के अलावा नगर परिषद, जनपद परिषद, जिला पंचायत के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## श्याम विहार कालोनी पर लगा बंधक प्लाट बेचने का आरोप

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बजरंग पालिया की श्याम विहार कॉलोनी में निर्धारित प्लाट बंधक के रूप में रखे हुए थे, उन प्लाटों को भी बेचने की जानकारी के बाद अब ईओडब्ल्यू में भी शिकायत की गई है। सांवेर तहसील के बजरंग पालिया से जुड़े इस कालोनी में 39 प्लाट बंधक के रूप में रखे गए थे। इन सभी प्लाटों को कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाना था, 39 में से 3 प्लाट विक्रय करने की बात सामने आई तो शिकायत की गई है। कर्ताधर्ताओं के नाम से लिखित शिकायत भी हुई है।

## सांसद लालवानी को जिला में भी देना होगी आजीवन सहयोग निधि जिला भाजपा आज मंत्री और विधायकों के यहां पहुंचेगी चेक लेने

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला भाजपा द्वारा भी आजीवन सहयोग निधि एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, विधायक उषा ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठों से भी आजीवन सहयोग निधि के चेक आए हैं। अभी तक करीब 20 लाख रु. की राशि का एकत्रीकरण हो चुका है। गत वर्ष जिला भाजपा ने करीब एक करोड़ रुपया एकत्रीकरण किया था। इस बार टारगेट को बड़ा करने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा चाहते हैं कि इस बार डेढ़ करोड़ रु. की राशि एकत्रित की जाए उसी लक्ष्य को लेकर कार्य किया जा रहा है। सांसद शंकर लालवानी ने नगर भाजपा को आजीवन सहयोग निधि का चेक दे दिया है, अब जिला भाजपा भी उनसे अलग से आजीवन सहयोग निधि का चेक लेंगी। क्षेत्रीय विधायकों से भी आजीवन सहयोग निधि के चेक लेना है। तुलसीराम सिलावट, मनोज पटेल, मधु वर्मा के अलावा विधानसभा स्तर से भी एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है।



## देवगुराडिया मंदिर पहुंचे राजनेता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर कल देवगुराडिया स्थित गुटकेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं की आस्था बडी लम्बी कतार और भीड के साथ नजर आई। तीन दिवसीय मेला भी यहां आयोजित हो रहा है। मेला का शुभारम्भ करने मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा एवं विश्वजीतसिंह सिसौदिया, देवराजसिंह परिहार, रवि दुबे, रामेश्वर चौहान, रामस्वरूप गेहलोत, विष्णु चौधरी, धनसिंह, अधिकारी प्रियंका टैगौर, सरपंच भूरी देवी एवं महेश वसुनिया सहित सैकडों धर्मप्रेमी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। राजनेताओं ने भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन भी किया। सिलावट की धर्मपत्नी, पुत्र और पुत्र वधू ने भी जलाभिषेक किया।

# उपपंजीयक कार्यालय में अधिकारियों की कमी

## जनता हो रही परेशान, वरिष्ठ अधिकारियों को बैठक के अलावा कुछ पता नहीं

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर जिले एवं शहर में उपपंजीयक कार्यालय में उपपंजीयक कम है। लगातार रिटायरमेंट के कारण और विकट स्थिति है। वित्तीय वर्ष का आखिरी डेढ़ महीने शेष है। अप्रेल माह से नवीन गाईडलाइन लागू हो जाएगी। परंतु वरिष्ठ अधिकारियों को इससे मतलब नहीं कि आम जनता हलाकान हो रही है वह राजस्व देने आती है और अव्यवस्थाओं से दो-चार हो रही है। सुबह से देर रात तक उपपंजीयक काम कर रहे हैं। एड्वोकेट प्रमोद द्विवेदी ने सवाल उठाया कि सन् 2015में तात्कालीन महानिरीक्षक पंजीयक ने पंजीयन लिपिक को उपपंजीयक अधिकारी बनाया था। समय-समय पर उपपंजीयक कार्यालयों में यह व्यवस्था की जाती है तो अब क्यों नहीं की जा रही। उपपंजीयक कार्यालय मोती तबेला में दो उपपंजीयक रिटायर्ड हुए हैं पद पांच है। ढक्कनवाला कुआं पर एक उपपंजीयक रिटायर्ड हुए तीन नंबर में एक उपपंजीयक की मृत्यु हुई तो 4 में एक रिटायर्ड तो एक का स्थानांतरण हुआ है। सांवेर,महू, देपालपुर में भी पद रिक्त हैं। द्विवेदी ने बताया कि इंदौर में सबसे अधिक रजिस्ट्री होती है सबसे अधिक राजस्व मिलता है पर वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यकता से अधिक पद भरे गए हैं तो उपपंजीयक पद खाली हैं। अगर पंजीयन लिपिक को उपपंजीयक पद पर कुछेक समय खातिर नियुक्त किया जाए तथा गिरवी नामा, वसीयत, आम मुख्तयार जैसे काम करने हेतु दायित्व दिया जाए तो तात्कालीन व्यवस्था सुधर सकती है। ऐसा नहीं है कि परीक्षण या निपुण पंजीयन लिपिक नहीं है सभी दफ्तरों में है। द्विवेदी ने एक और सवाल उठाया कि उपपंजीयक गाईड लाइन बनाने के कारण भी समय-समय पर फिल्ड में, मीटिंग में लगे हुए हैं। सम्पदा सिस्टम में स्टाम्प ड्यूटी चोरी करने के चांस कम है। गिरवी नामा, वसीयत, आम मुख्तयार आदि दस्तावेज का पंजीयन पंजीयन लिपिक को दिया जा सकता है। उक्त पूर्ण जानकारी एडवोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी ने दी।

# अब खजराना गणेश मंदिर को मिलेगा नया अधिकारी
# शर्मा का हुआ तबादला

## सोनी और सिंगी में से किसी को जिम्मेदारी दिए जाने के आसार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**खजराना गणेश मंदिर के महाप्रबंधक राकेश शर्मा का तबादला हो जाने के कारण अब मंदिर को नया अधिकारी मिलेगा। यह जिम्मेदारी एसडीएम प्रदीप सोनी या एनवीडीए की पूर्णिमा सिंगी को दिए जाने की संभावना है।**

कुख्यात अपराधी के द्वारा गर्भ गृह में जाकर पूजन किए जाने के कारण चर्चा में आए खजराना गणेश मंदिर में जल्द ही नए महाप्रबंधक की नियुक्ति जाएगी। मंदिर के वर्तमान महाप्रबंधक राकेश शर्मा का इंदौर दुग्ध संघ से भोपाल मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में तबादला होने के कारण यह पद रिक्त हो गया है। तत्कालीन कलेक्टर और मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष आशीष सिंह के निर्देश पर तत्कालीन निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा उनकी नियुक्ति महाप्रबंधक के पद पर की गई थी। जिस उद्देश्य से राकेश शर्मा को मंदिर का महाप्रबंधक बनाया गया था वह कभी भी पूरा नहीं हुआ। वह सिर्फ मंदिर में आयोजनों के समय ही दिखाई दिए। मंदिर की व्यवस्थाओं को सुधारने में उनकी रुचि कभी नहीं रही। यही कारण है कि आए दिन मंदिर में ग़र्भगृह में प्रवेश और अन्य विषयों को लेकर विवाद की स्थिति बनती रही। पुजारी अपनी मनमानी करते रहे।

गैंगस्टर सतीश भाऊ जैसे लोगों को मंदिर के गर्भ गृह में आसानी से प्रवेश मिलता रहा। सूत्रों के अनुसार कलेक्टर शिवम वर्मा अब किसी तेज तर्रार अधिकारी को मंदिर का महाप्रबंधक बनाना चाहते हैं जिससे की मंदिर की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से नियंत्रित की जा सके। बताया जाता है कि जूनी इंदौर एसडीएम प्रदीप सोनी या एनवीडीए में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर पूर्णिमा सिंगी को महाप्रबंधक बनाया जा सकता है। पूर्णिमा सिंगी इसके पहले महाकाल मंदिर की सहायक प्रबंधक रह चुकी हैं और उन्हें भीड़ नियंत्रण प्रोटोकाल का अनुभव है।

### पुजारी पर भी लगेगी लगाम

इसके साथ ही मंदिर के पुजारी पर भी लगाम लगाने की तैयारी हो रही है। कलेक्टर के द्वारा मंदिर प्रबंध समिति और पुजारी के बीच में हुए अनुबंध को निकाला जा रहा है। इस अनुबंध की शर्तों का पालन करने के लिए अब पुजारी को मजबूर किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर में मौजूद अवैध पुजारी को हटाने का काम भी होगा।

# मास्टर प्लान की सड़कों के ठेकेदार को निगम ने बुलाया

## आज फिर सड़कों के निर्माण की करेंगे समीक्षा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मास्टर प्लान में प्रावधान की गई सड़कों के निर्माण के लिए आज नगर निगम के द्वारा ठेकेदारों को बुलाया गया है। ठेकेदारों के साथ आयोजित इस बैठक में सड़क के अब तक के निर्माण कार्य की समीक्षा की जाएगी।**

केंद्र सरकार के द्वारा दिए गए 465 करोड रुपए की लागत से नगर निगम के द्वारा मास्टर प्लान की 23 प्रमुख सड़कों के निर्माण का कार्य हाथ में लिया गया है। इनमें से कुछ सड़कों का निर्माण शुरू हो गया है तो कुछ सड़कों के निर्माण के शुरू होने की तैयारी चल रही है। इसी बीच आज इंदौर नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल ने मास्टर प्लान की सड़कों का ठेका लेने वाले ठेकेदारों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में मास्टर प्लान की सड़कों के अब तक किए गए निर्माण कार्य की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही अब आने वाले समय में किस तरह से इन सड़कों का निर्माण करना है और कौन सी सड़क प्राथमिकता के साथ बनाई जाएगी इस बारे में भी विचार विमर्श होगा। ध्यान रहे कि करीब 10 दिन पहले ही निगम आयुक्त के द्वारा मास्टर प्लान की सड़कों को लेकर ठेकेदारों के साथ बैठक की गई थी। इस बैठक का कोई अच्छा परिणाम सामने नहीं आया। कहीं भी सड़क के निर्माण के कार्य में तेजी प्रतीत नहीं हुई। इसके परिणाम स्वरूप अब आज फिर से बैठक रखकर काम को तेज गति देने की कोशिश की जा रही है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना की भी आज समीक्षा

इसके साथ ही निगम आयुक्त के द्वारा आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्तमान में चल रहे कामों की समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में आने वाले समय में जिन स्थानों पर काम शुरू किया जाना है उसके बारे में भी विचार विमर्श किया जाएगा।

# ग्रीन वेस्ट प्लांट पर काम की धीमी गति से आयुक्त हुए नाराज

## ट्रेंचिंग ग्राउंड पर जाकर वहां चल रहे सभी प्लांट का किया अवलोकन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज ट्रैंचिंग ग्राउंड पर जाकर सभी प्लांट का अवलोकन किया। इस दौरान ग्रीन वेस्ट के प्लांट में धीमी गति से काम को देखकर अपनी नाराजगी जाहिर की।**

सिंघल द्वारा देवगुराडिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड एवं बिचोली हैप्पी स्थित सिटी फॉरेस्ट क्षेत्र का निरीक्षण किया। सिंघल ने ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित विभिन्न प्लांट्स बायो सीएनजी प्लांट, नेप्रा, स्वच्छता, सूखा कचरा निपटान प्लांट, ग्रीन वेस्ट प्लांट एवं सिटी फॉरेस्ट परिसर का निरीक्षण किया गया और प्रेजेंटेशन देखा।

सिंघल ने सर्वप्रथम बायो सीएनजी गैस प्लांट का निरीक्षण किया। यहां पर उन्हें कितना गीला कचरा आता है, वेट कैसे



करते,अपशिष्ट से गैस उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया, मशीनरी संचालन, गैस आउटपुट, वितरण व्यवस्था एवं गैस के उपयोग संबंधी जानकारी दी गई। इसके पश्चात उन्होंने स्वच्छता परिसर का निरीक्षण कर लगाए गए फारेस्ट, उनके रखरखाव एवं संरक्षण की जानकारी ली। आयुक्त ने नेप्रा प्लांट पर सूखे कचरे के निपटान, सूखे कचरे को अलग अलग करने के प्लांट का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिदिन आने वाले कचरे की मात्रा, कार्यरत कर्मचारियों की संख्या, उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, सीएंडडी वेस्ट मटेरियल के संकलन व प्रसंस्करण की संपूर्ण प्रक्रिया पेवर ब्लॉक के उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर दिशा निर्देश दिए गए।

सिंघल ने बिचोली हप्सी स्थित सिटी फॉरेस्ट ग्रीन वेस्ट प्लांट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां ग्रीन वेस्ट के संग्रहण की प्रक्रिया, प्रतिदिन आने वाली ग्रीन वेस्ट की मात्रा, कार्यबल की उपलब्धता, कचरे के बुरादे का उपयोग,प्लांट के रखरखाव एवं संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान ग्रीन वेस्ट से बनने वाले बायो फ्यूल और पैलेट का भी अवलोकन किया। आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान ग्रीन वेस्ट प्लांट में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रोसेसिंग की धीमी गति पर एजेंसी को लगाई फटकार लगाते हुए कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए गए।




# स्कूली विद्यार्थी भी उतरे पेड़ बचाने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

रीगल तिराहा स्थित रानी सराय में 250 पेड़ों को मेट्रो स्टेशन के लिए काटा जाना है। इन पेड़ों को बचाने के लिए जनहित पार्टी के अभय जैन लगातार एक माह से अधिक समय से प्रयास कर रहे हैं। कई संस्थाओं ने उनका साथ दिया। कल रविवार की शाम स्कूली विद्यार्थियों ने एकत्रित होकर पेड़ बचाने को लेकर जन जागरूकता प्रदर्शन किया जिसमें कोई विद्यार्थी पेड़ बनकर आया, तो किसी ने तोते की वेशभूषा धारण की और कहा कि इन पेड़ों पर पक्षियों का घोसला होता है और इनकी चहचाहाहट भी कानों को अच्छी लगती है, अगर पेड़ कट जाएंगे तो ना तोते दिखेंगे और ना ही उनकी आवाज आएगी।



# दुर्लभ मुद्राओं और डाक टिकटों को निहारा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गांधी हाल पर मनी मेला लगाया गया, कल बड़ी संख्या में तीसरे दिन भी दुर्लभ मुद्रा, डाक टिकट, स्मारण, आवरण का अवलोकन करने शौकीन पहुंचे।

# बोहरा समाज का कल से पहला रोजा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बोहरा समाजजन कल से रमजान माह की शुरूआत पर रोजा रखेंगे। रोजा इफ्तार शाम 6.26 बजे होगा। कल पहला रोजा 12 घंटे 45 मिनट का रहेगा। रमजान पर सभी बोहरा मस्जिदों में तीनों समय नमाज़ अदा कर कुरआन शरीफ की तिलावत होगी। मस्जिदों में तैयारी पूर्ण हो चुकी है। शहर की सभी बोहरा मस्जिदों में धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब की रजा मुबारक से उनके प्रतिनिधि आमिल साहब नमाज अदा करवाएंगे ।सभी बोहरा जमातखानो में 30 दिन तक इफ्तियारी की व्यवस्था रहेगी। उक्त जानकारी जौहर मानपुरवाला एवं अली असगर भोपालवाला ने दी।

## मुस्लिम समाज का रमजान चांद पर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुस्लिम समाज भी एक माह के अपने रमजान पर्व का इंतजार अब चांद के दीदार पर कर रहा है। संभावना है कि कल अमावस्या के बाद 18 फरवरी को चांद का दीदार हो जाए चांद के दीदार के बाद ही तरावीह शुरू हो जाएगी और नमाज भी अदा की जाएगी। चांद के दीदार के दूसरे दिन सुबह से निर्धारित समय पर रमजान माह का पहला रोजा शुरू होगा। रोज शाम को निर्धारित समय पर रोजा इफ्तार के आयोजन भी होंगे।

# कश्मीर का लिली फ़्लावर इन्दौर में उगाने का सपना निगम का है अधूरा

## निगम पूरा नहीं कर सका पॉली हाउस आधुनिक नर्सरी बनाने का प्रोजेक्ट

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर नगर निगम सीमा में एक साथ 12 लाख पौधे एक दिन में लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड इंदौर नगर निगम के पास है इसके साथ ही हर साल लाखों पौधे निगम द्वारा लगाए जा रहे हैं इसके अलावा सामान्य दिनों में पौधों की जरूरत को पूरा करने के लिए करोड़ों रुपए के पौधे निजी नर्सरियों से खरीदे जा रहे हैं वहीं नगर निगम अपने ही पॉलीहाउस नर्सरी प्रोजेक्ट पर काम करना भूल गया है। इस नर्सरी से नगर निगम हर वर्ष एक लाख से अधिक पौधे स्वयं तैयार कर करोड़ों रुपए बचा सकता था।

पूर्व नगर निगम आयुक्त प्रतिभा पाल ने अपने कार्यकाल में पौधों की खरीदी में होने वाली कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए नगर निगम के उद्यान विभाग ने साल 2023 में पाली हाउस नर्सरी बनाने का निर्णय लिया था जिसके तहत उद्यान विभाग द्वारा एक आधुनिक नर्सरी निर्माण के लिए प्रोजेक्ट तैयार किया गया जिसमें लगभग एक करोड़ रुपए खर्च होना थे। इसके लिए मेघदूत गार्डन के अंदर नर्सरी निर्माण का स्थान तय किया गया था और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी बनाया गया लेकिन इसके आगे निर्माण नहीं हो सका। यदि पॉलीहाउस नर्सरी का निर्माण होता तो नगर निगम खुद ही फल फूल एवं वानिकी पौधे तैयार कर सकता था। प्रोजेक्ट के अनुसार इंदौर की इस नर्सरी में कश्मीर में होने वाले लिली फ्लावर के पौधे विकसित किए जाने की योजना थी इसके अलावा पौधों की अनेक किस्म जो कि कश्मीर, असम, मेघालय, उत्तराखंड में विकसित होती है उनके पौधे भी तैयार करने का लक्ष्य था। इसके अलावा शहर के अलग-अलग स्थान पर लोटस फ्लावर पॉन्ड तैयार करने हेतु भी प्रावधान किया था। शहर के चुनिंदा स्थानों पर छोटे-छोटे पॉन्ड में पौधों को लगाकर आकर्षक एवं सुंदर स्थान का निर्माण होना था।

इसके अलावा वर्तमान में लाखों पौधे लगाने का रिकॉर्ड बनाने के लिए बड़ी संख्या में वानिकी पौधों की आवश्यकता पड़ रही है जिसकी पूर्ति नगर निगम को वन विभाग भी नहीं कर पा रहा है इसके लिए निर्भरता अब महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश की नर्सरियों पर बढ़ गई है। यहां से पौधे बुलवाकर इंदौर के पौधारोपण अभियान को पूरा किया जा रहा है। पॉलीहाउस नर्सरी निर्माण के संबंध में उद्यान विभाग के उपायुक्त अभय राजन गांवकर का कहना है कि फिलहाल यह प्रोजेक्ट उनके संज्ञान में नहीं आ पाया है, इसके संबंध में विभाग से जानकारी मांगी जाएगी और मूल प्रोजेक्ट का अध्ययन करने के बाद इस पर किस तरह आगे काम किया जा सकता है, इसकी संभावनाओं पर चर्चा कर इसको आगे बढ़ाने की योजना तैयार की जाएगी। नगर निगम की नर्सरी को आधुनिक बनाने के लिए हमें काम करना होगा, इसके लिए यह प्रोजेक्ट पीपीपी मोड पर भी नगर निगम करने पर विचार कर सकता है।

# शहीदों को याद कर समाजसेवियों का हुआ सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। म.प्र. वाल्मीकि कल्याण परिषद ने एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम माथुर सभागृह में आयोजित किया। आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं समाजसेवियों डॉ. रीना पाटील, पृथ्वीराज पिपले उस्ताद ,राधा कृष्ण शर्मा, धर्मेंद्र पाठक, महेंद्र पथरोड़, भूपेंद्र पोतदार, प्रो. मदनलाल वास्केल, नियाज़ मोहम्मद खान, धीरज नागर, मास्टर कर्तव्य मेहना, रिशांत गवते, मनीष घनघोरिया, रंजनाताई, राजेश मेहना, राजकुमार गोहर, नरेश लक्स्करी पिंटू का सम्मान भी किया गया। मनोज मेहना, हरीश बोयत, पिंटू लश्करी, पवन शर्मा, सोनू कल्याने, पवन थनवार और मनीष बॉक्सर सहित अन्य मौजूद थे। वहीं अतिथि अनिता चौहान, डॉ. माधव हासानी, राधा यादव, कमलेश सिंह, प्रमोद दीक्षित थे।

# जय गुरुदेव के अनुयायियों ने निकाली जनजागरूकता प्रभातफेरी



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

जय गुरुदेव आश्रम का स्थापना महोत्सव मिर्जापुर तेजाजी नगर आश्रम पर आयोजित किया जा रहा है। बड़ी संख्या में अनुयायी आश्रम में मौजूद रह रहे हैं। सेवादारों ने व्यवस्था भी संभाल रखी है वहीं कल जनजागरूकता प्रभातफेरी फोर व्हीलर और टू-व्हीलर के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश देते हुए निकाली गई, सत्संग, कीर्तन, ध्यान और भोजन प्रसादी का आयोजन भी हुआ। मंदिर को विशेष रूप से श्रृंगारित भी किया गया। बड़ी संख्या में बाहर से भी अनुयायी आश्रम में मौजूद रहे।

# अब मोबाइल पर सूचना दो, घर से ले जाएंगे अनुपयोगी सामान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इंदौर नगर निगम के द्वारा एक नई सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के तहत अब मोबाइल पर सूचना देने पर टीम आकर आपके घर से अनुपयोगी सामान में से उपयोगी सामान लेकर चली जाएगीं।**

भार्गव ने बताया कि केसरबाग ब्रिज आरआरआर सेंटर का लोकार्पण किया गया है। यह केंद्र सीएसआर सहयोग से फीडबैक फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है तथा इसका संचालन वैभव श्री केसरी स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। यह सेंटर केवल एक संग्रहण स्थल नहीं, बल्कि एक सशक्त माध्यम है। यहाँ 10 महिलाओं द्वारा पुराने कपड़ों एवं अनुपयोगी वस्त्रों से नए, उपयोगी और आकर्षक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रयुक्त फूलों से अगरबत्ती निर्माण, हर्बल रंग तैयार करना तथा अन्य अपसाइक्लिंग गतिविधियाँ भी संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि स्व-सहायता समूह की महिलाएँ न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि अन्य महिला समूहों एवं विभिन्न नगरीय निकायों को प्रशिक्षण भी प्रदान कर रही हैं। यह केंद्र महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है।विशेष रूप से मोबाइल आरआरआर के माध्यम से टीम द्वारा आवासीय क्षेत्रों में जाकर उपयोगी वस्तुओं का संग्रहण किया जा रहा है। छंटाई के पश्चात इन वस्तुओं को जरूरतमंदों तक पहुँचाया जाता है, जिससे संसाधनों का पुनः उपयोग सुनिश्चित होता है और समाज में सहयोग की भावना मजबूत होती है। भार्गव ने बताया कि सतत विकास की दृष्टि से ऐसे प्रयासों को हमारा निरंतर समर्थन आवश्यक है। नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थापित 23 सेंटर इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वेस्ट टू आर्ट से सुन्दर कलाकृति तैयार कर उनका उपयोग विभिन्न कार्यों में केंद्र द्वारा किया जा रहा है।

# डॉ. अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन के विकास को मिली नई गति

## रक्षा मंत्रालय से मिली भूमि, हटाया गया अतिक्रमण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। डॉ. अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों में आ रही एक बड़ी बाधा को अब दूर कर लिया गया है। रेलवे द्वारा रक्षा मंत्रालय से विकास कार्यों के लिए मांगी गई भूमि उपलब्ध करा दी गई है तथा संबंधित क्षेत्र में वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण को भी पूरी तरह हटा दिया गया है। डॉ. अम्बेडकर नगर से पातालपानी के मध्य अतिक्रमण हटाकर कुल 1,51,613 वर्ग फीट भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 13.45 करोड़ रुपये है। यह संपूर्ण भूमि रक्षा संपदा विभाग द्वारा रेलवे को हस्तांतरित कर दी गई है। इस भूमि के उपलब्ध होने से स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 4 का विस्तार संभव हो सकेगा, जो वर्तमान में 400 मीटर लंबा है और जिस पर केवल 14 कोच की ट्रेन ही आ सकती है। विस्तार के बाद प्लेटफार्म-4 फुल लेंथ प्लेटफार्म बन जाएगा, जिससे पूरी लंबाई वाली ट्रेनें भी यहां आसानी से आ सकेंगी। इसके साथ ही स्टेशन की लाइन नंबर 5 एवं 6 का भी विस्तार किया जा सकेगा, जिससे ट्रेनों की शंटिंग व्यवस्था बेहतर होगी और परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस सुविधा से भविष्य में इंदौर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के दौरान ट्रेनों को डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेशन पर शिफ्ट किया जा सकेगा, जिससे इंदौर क्षेत्र में ट्रेन संचालन को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व के दौरान भी डॉ. अम्बेडकर नगर से अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन की संभावनाएं मजबूत होंगी, जिससे यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। रेलवे द्वारा किए गए इस महत्वपूर्ण कदम से डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेशन के विकास को नई गति मिलने के साथ-साथ क्षेत्रीय रेल परिचालन व्यवस्था भी अधिक मजबूत और सुविधाजनक बनने जा रही है।



## प्लेटफार्म-4 होगा फुल लेंथ, ट्रेनों के संचालन में मिलेगा बड़ा लाभ




# काकाणी और सोमानी बनी पदाधिकारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री दक्षिण क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन के त्रिवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी ने करवाई। निवृत्तमान अध्यक्ष साधना कचोलिया की मौजूदगी में अब नया दायित्व अध्यक्ष पिंकी काकाणी, उपाध्यक्ष सीमा बेड़िया, अनिता बांगड़, सचिव प्रज्ञा सोमानी, कोषाध्यक्ष संगीता बियाणी, संगठन मंत्री ज्योति सोमानी, प्रचार मंत्री मोनिका लड्ढा, सहसचिव रेखा भूतड़ा, सांस्कृतिक मंत्री निशा कचोलिया, कार्यसमिति सदस्य शिखा हुरकट, अलका सिंगी, प्रीति बिसानी, पायल भट्टड़ को मिला। दीप्ति भूतड़ा, अन्नपूर्णा मुंदड़ा उपस्थित रही।




## माहेश्वरी सखी संगठन बालाजी क्षेत्र में परवाल-मालपानी को जिम्मेदारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी सखी संगठन के तीन वर्ष के लिए पदाधिकारियों का चयन सीमा गगरानी, मीना ईनानी, नीलम बैड़िया, रश्मि लड्ढा, माधुरी सोमानी, पायल लाठी की उपस्थिति में किया गया। अध्यक्ष वर्षा परवाल, सचिव पायल मालपानी, उपाध्यक्ष दीप्ति खटोड़, कविता अजमेरा, कोषाध्यक्ष ऋतु काबरा, संगठन मंत्री नीलू मालपानी, प्रचारमंत्री राखी अजमेरा, सहसचिव सुचिता जाजू, अर्चना मुछाल, सांस्कृतिक मंत्री वृंदा बाहेती, कार्यालय मंत्री विनिता नगवाड़िया पदाधिकारी बने।

## कालानी नगर में भी निकली बारात



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महाशिवरात्रि पर कल पिपलेश्वर महादेव मंदिर महाराणा प्रताप उद्यान कालानी नगर से शिव बारात निकाली। श्रद्धालुओं ने कीर्तन पर नृत्य भी किया, प्रसाद का वितरण भी किया। भाजपा के कई राजनेता आकाश विजयवर्गीय, अशोक चौहान, महेश चौधरी, दीपक जैन टीनू सहित अन्य भी पहुंचे। पंकज मूंदड़ा, कमल राठौर, नरेन्द्र कुशवाह, सतीश बैरागी मौजूद थे।

## अर्ध्यनारीश्वर स्वरूप में पिपलेश्वर महादेव के दर्शन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नगारची बाखल स्थित पिपलेश्वर महादेव को अर्ध्यनारीश्वर स्वरुप में सजाया गया। देर रात तक भजन-कीर्तन हुए। चवले एवं छोले प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त जानकारी अंकित वैष्णव ने दी।

## न्यास ने किया तुलसी और बिल्व पत्र पौधों का वितरण



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल महाशिवरात्रि पर श्री गुटकेश्वर धाम सद्गुरु परिवार न्यास द्वारा किला मैदान स्थित रानी लक्ष्मीबाई चौराहे पर 5100 तुलसी और बिल्वपत्र के पौधों का निःशुल्क वितरण किया। वहीं भक्तों को पौधे रोपने का संकल्प दिलाया। न्यास के धीरज शुक्ला, चंद्रप्रकाश दुबे और मनीष प्रजापत ने बताया कि पूर्व विधायक संजय शुक्ला, प्रकाश बाजपेई सहित अन्य मौजूद थे।




## ग्वालटोली में निकली शिव बारात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सिद्धेश्वर शिव मंदिर छोटी ग्वाल टोली में शिव बरात निकाली गई। जिसमें पार्वती माता को शिवजी व्याह करके ले जा रहे थे और कृष्ण भगवान अपनी बहन का रथ चला रहे थे। मधुमिलन चौराहे से ग्वाली मोहल्ला, नसिया रोड सरवटे क्षेत्र में बाना निकाला गया। श्रद्धालु मौजूद रहे।



## भूतनाथ स्वरूप में सजे सुखदेश्वर महादेव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सुखदेव नगर एक्सटेंशन-1 स्थित सुखदेश्वर महादेव को भूतनाथ स्वरूप में सजाया गया। महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त जानकारी पं. दिनेश शर्मा एवं आकाश शर्मा ने दी।

## मंगल मूर्ति नगर की महिलाओं ने किया आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंगल मूर्ति नगर रहवासी संघ के श्रवण वर्मा ने बताया कि कल शिवरात्रि मंगलेश्वर महादेव भगवान का मातृशक्तियों द्वारा शिवलिंग निर्माण कर अभिषेक, पूजन आयोजन किया गया। सुधा खण्डेलवाल, अनिता पाटीदार, ललिता वर्मा, साधना पटेल, कुसुम मौर्य, माया गोर, ऊषा पाटीदार, ममतेश शर्मा, प्रीति पाटिल, नीतू पाटीदार, सुनिता शर्मा, पार्वती पाटीदार, यशोदा इन्दौरिया, राधा चौहान, विमला चौहान, वीनित पाटीदार, शिला, माला कड़वे, मंजू सोलंकी, मीनाक्षी जोशी, कीर्ति पाटीदार, पूजा खण्डेलवाल, कोमल वर्मा, निधि पाटीदार, समृद्धि खण्डेलवाल, सिद्धि खण्डेलवाल, दीप्ति दुबे मौजूद थे। श्रवण वर्मा, आशीष पाटीदार, पूजा विनित खंडेलवाल, जयदीप मांजरेकर, हेमंत तोमर, बाबूलाल पाटिल के अलावा क्षेत्रीय पार्षद प्रणव मंडल ने भी धार्मिक रूप से उपस्थिति दर्ज कराई।

## कला विद्या मंदिर रामबाग पर पहुंचे श्रद्धालु



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कला विद्या मंदिर रामबाग पर कल महाशिवरात्रि अवसर पर श्रृंगार, अभिषेक, पूजन, आरती का आयोजन किया गया। सत्यनारायण सलवाड़िया, कमलादेवी सलवाड़िया, नारायणसिंह यादव, अनिकेत पाठक, प्रहलाद शर्मा, अरुण माहेश्वरी सहित अन्य मौजूद थे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की दरकार लेकर पहुंचे थे।

## गन्ने के रस से किया रुद्राभिषेक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री दत्त माउली सद्गुरु अन्ना महाराज संस्थान में महाशिवरात्रि महापर्व के विशेष अवसर पर 108 यजमानों द्वारा भगवान श्री गणेश, श्री महादेव का पूजन, रुद्राभिषेक गन्ने के रस से किया गया। शिव लीला अमृत का पाठ और तत्पश्चात शिव स्त्रोत संस्थान की महिलाओं द्वारा किया गया। डॉ. अण्णा महाराज ने आशीर्वचन भी दिए।





## गांधी नगर के दो शिवालयों में आस्था की दरकार



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिमी क्षेत्र के गांधी नगर में अलग-अलग दो मंदिरों में आयोजन हुए, पिपलेश्वर महादेव मंदिर बाहुबली नगर में महाकाल मित्र मंडल ने मंदिर में अभिषेक, श्रृंगार दर्शन, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं शिव शक्ति महादेव मंदिर महावीर मार्ग गांधी नगर में भी भगवान के श्रृंगार दर्शन का लाभ लेने और आरती में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने श्रद्धालु पहुंचे, प्रसादी का वितरण भी किया गया।

## नीलकंठेश्वर महादेव की बारात में किया श्रद्धालुओं ने नृत्य



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नीलकंठेश्वर महादेव की बारात टिकरिया बादशाह रोड सुरेंद्रनगर से यादव पैलेस से होती हुई गिरना सिटी पर पूर्ण हुई। बारात में श्रद्धालुओं ने कीर्तन पर नृत्य भी किया। मंदिर पर महाआरती की गई, प्रसाद का वितरण भी हुआ। सुरेशचंद तिवारी, गोलू तिवारी, अशोक तिवारी, अंकित गुर्जर, देवशंकर मिश्रा, मुकेश चौहान, अमन मालवीय, कृष्ण पांचाल, अभि परिहार, मंगला तिवारी, पूजा तिवारी, महिमा नामदेव, पप्पी गौड़, सनी गौड़, दल्लू मालवीय, अजय सहित अन्य मौजूद थे।



# अभिषेक के बाद विश्वेश्वर महादेव को बनाया दूल्हा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्वेश्वर महादेव श्रीराम मंदिर पंचकुइया पर कल सुबह से श्रद्धालुओं की कतार शिवलिंग पर अभिषेक के लिए लगी रही। 51 विद्वानों द्वारा अखंड रुद्राभिषेक और द्वादश ज्योतिर्लिंग का महाकाल स्वरूप दूल्हे के रूप में शृंगारित किया गया। मंदिर को विशेष रूप से सजाया भी गया था। देर रात तक श्रद्धालुओं ने शृंगारित भगवान का दूल्हे के रूप में दर्शन किए। दिनेश शास्त्री, जानकीवल्लभदास महाराज, अनिरुद्धदास, नारायण अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे। वहीं विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय भी दर्शन के लिए पहुंचे थे।

# महिलाओं ने भगवान के विवाह में की शिरकत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्राचीन रामेश्वर मन्दिर महादेव घाट पारसी मोहल्ला में नव शृंगारित मंदिर प्रांगण में मातृशक्तियों ने शिव पार्वती विवाह उत्सव में विशेष रुचि लेकर शिरकत की, पुरुष श्रद्धालुओं ने भी सहयोग किया। भोलेनाथ की बारात निकाली,वरमाला हुई, हवन हुआ एवं तत्पश्चात फेरे की रस्म संपन्न हुई। इस अवसर पर मुकेश कचोलिया, रामनारायण अग्रवाल, रमेश अग्रवाल ,राधेश्याम पाल, मनोज खण्डेलवाल, राहुल कनौजिया, चुन्नू शर्मा, नीलेश रायकवार, अलंकार रायकवार, किशोर असावा, पारुल एरण, अनुराधा, खंडेलवाल, अनुराधा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।





# प्रेस क्लब में मना पर्व

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर प्रेस क्लब बिल्वपत्रेश्वर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर भगवान भोलेनाथ के साथ शिव परिवार का विशेष शृंगार किया गया। अभिषेक, पूजन, महाआरती का आयोजन हुआ। दीपक कर्दम, प्रदीप जोशी, अरविन्द तिवारी, मुकेश तिवारी, अभय तिवारी, मनीष मक्खर, प्रमोद दीक्षित, श्याम कामले, विजय भट्ट, सीमा रुपेश व्यास, शैलेश पाठक, अर्पण जैन, राजेंद्र कोपरगांवकर, नाना नागर, बालकृष्ण मूले, अनिल पुरोहित, राजकुमार वर्मा, बंटी गुंजाल, आशीष शर्मा, गोपाल वर्मा, नितिन सोलंकी, भरत बामने, अनिल पुरोहित, योगेश निम, आशीष तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।



# बारह मत्था प्राचीन मंदिर पहुंचे श्रद्धालु

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लालबाग के समीप बारह मत्था स्थित प्राचीन भगवान भोलेनाथ के मंदिर में कल श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बाबा को दूल्हे के रूप में सजाया गया था। नरेन्द्र मोदी, जगदीश प्रसाद मोदी, गोपाल गोयल, गोपाल साहू मौजूद थे।

# तुलसी नगर और निपानिया हुआ शिवमय

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। निपानिया, तुलसी नगर, महालक्ष्मी नगर, साईं कृपा कॉलोनी, अमृत पैलेस सहित विभिन्न शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व मंदिर और श्रद्धालु शिवमय नजर आए। अभिषेक, रुद्राभिषेक, हवन, आरती, प्रसाद वितरण, भजन संध्या जैसे आयोजन अलग-अलग मंदिर चंद्रमौलेश्वर महादेव, अनंतेश्वर महादेव एवं सोमेश्वर महादेव में किए गए। राजेश तोमर, संजय यादव, राकेश जायसवाल, हेमंत दुबे, विजय मिश्रा, दिवाकर द्विवेदी, कीरत रघुवंशी, आनंद यादव, जितेंद्र पांचाल, संजय राठौर, सुरेंद्र चौबे, मनोज दीक्षित आयोजन से जुडे रहे। ठण्डाई का वितरण भी हुआ।





# सुदामा नगर शिवधाम में आयोजन

इंदौर। शिवधाम सुदामा नगर में शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विशेष शृंगार किया गया, आरती भी की गई। अग्रवाल समाज और मेटल व्यवसाय से जुड़े शिव जिंदल और सविता जिंदल की शादी की सालगिरह होने पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वर माला की रस्म भी अदा की गई। दयाराम अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, राजेश गर्ग, विनोद गोयल, दिनेश अग्रवाल एवं जिंदल दम्पति मौजूद थे।



# ब्रह्माकुमारी ने लगाया आध्यात्मिक मेला

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। ब्रह्माकुमारीज के शिवशक्ति सरोवर रिट्रीट सेंटर मोरोदहाट द्वारा शिव जयंती महोत्सव पर अध्यात्मिक मेला का आयोजन कर फूलों से शिवलिंग, बारह ज्योतिर्लिंग और शहस्त्र शिवलिंग की मनोरम झांकी बनाई। बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने अवलोकन किया। आरती दीदी, बीडी राठी, सुरेश गुप्ता, आशा दीदी ने अपनी भूमिका निभाई।

# शिव बारात का स्वागत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 1 के वार्ड 9 में शिव बारात निकाली गई। राजेन्द्र मालवीय, कृष्णा मालवीय ने स्वागत कर सामग्री का वितरण किया।



# 551 जोड़ों ने 12 ज्योतिर्लिंग का किया रुद्राभिषेक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आनन्द धाम आश्रम उज्जैन रोड पर कल शिवरात्रि में रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के साथ 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन श्रद्धालुओं ने किए। सभी ज्योतिर्लिंग का पवित्र जल से अभिषेक, पूजन गुरुदेव विवेक महाराज के सानिध्य में 551 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। बोल बम और ॐ नमः शिवाय के जयकारे भी गूंजे।





# न्याय नगर में हुआ आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महादेव मंदिर न्यायनगर में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन उद्यान मंदिर में किया गया। कल शृंगार दर्शन भी श्रद्धालुओं ने किए।





# रामभक्त हनुमान मंदिर में फूल बंगला सजाया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रामभक्त हनुमान मंदिर लोधीपुरा में कल शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक, पूजन के बाद शृंगार किया गया। फूल बंगला सजाकर भोग लगाया, महाआरती की गई। बाबूलाल शर्मा, अंकुश शर्मा, निखिल व्यास, मनीषसिंह सोलंकी, महेश शर्मा, अजय तिवारी, सल्लू नीमा, राहुल सोलंकी, हीरा परमार मौजूद थे।

# सीतलामाता बाजार व्यापारियों ने किए दर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर के मध्य सीतलामाता बाजार आरबी मार्केट में महाशिवरात्रि पर व्यापारियों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और खिचड़ी प्रसाद का लुत्फ भी लिया।



# इंटरनेशनल स्विमिंग पूल के सामने वाले बगीचे से गायब होने लगी सुरक्षा जालियां

## लाखों खर्चकर पिछले साल संवारा था निगम ने पूर्वी रिंगरोड़ का ग्रीन बेल्ट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पिपलियाहांना चौराहे के पास इंटरनेशनल स्विमिंग पूल के सामने वाले बगीचे से लाखों रुपए खर्च का लगी सुरक्षा जालियां अब धीरे-धीरे गायब होने लगी है। बड़ी बात यह है कि निगम ने पिछले साल ही पूर्वी रिंगरोड़ पर पिपलियाना चौराहे से आगे स्विमिंग पूल के सामने लंबे समय से उजाड़ पड़ी ग्रीन बेल्ट की जमीन पर लाखों रुपए खर्च कर सुरक्षा जालियां लगवाई थी। यही नहीं सौंदर्य करण और संवारने के लिए ग्रीन बेल्ट के बड़े हिस्से में आसपास के रहवासियों के लिए लंबा चौड़ा वाकिंग ट्रेक भी बनवाया था। जहां आस-पास की कॉलोनी के रहवासी बड़ी संख्या में सुबह यहां घूमने आते है। इधर पिछले साल बगीचे की हरियाली की सुरक्षा के लिए लगी लोहे की जालियां गायब होने से क्षेत्र के रहवासियों में नाराजगी है।



लोगों का कहना है कि निगम ने सालों बाद हमारी मांग सुनकर पहली बार लंबा चौड़ा वाकिंग ट्रेक बनाया साथ ही आसपास हरियाली और बगीचे की सुरक्षा के लिए लोहे की जालियां भी लगवाई थी। जिसमें से अब बड़े हिस्से से धीरे-धीरे लोहे की जालियां गायब हो रही है। जिससे सुबह शाम घूमने आने वाले लोगों में जमकर नाराजगी है।

### निगम बगीचों में डलवा रहा मिट्टी, फिर लगाएगा डेकोरेटिव पौधे

वही खास बात यह है कि पूर्वी रिंग रोड पर इंटरनेशनल स्विमिंग पूल के सामने से लेकर बड़े हिस्से में ग्रीन बेल्ट की जमीन पर बने बगीचे में निगम खूबसूरती और हरियाली के लिए यहां आने वाले दिनों में आकर्षक डेकोरेटिव पौधे लगाने की तैयारी कर रहा है। जिसके लिए निगम ने यहां हाल ही में मिट्टी भी डलवाई है।

### अंधेरा का फायदा उठाकर हो रही जालियों की चोरी

आसपास के रहवासियों का कहना है कि निगम ने पिछले साल पूर्वी रिंग रोड के ग्रीन बेल्ट के बड़े हिस्से में साज-सजावट और सौंदर्यकरण के लिए लाखों रुपए खर्च किए। जिसके तहत यहां लंबा-चौड़ा सायकिल और वाकिंग ट्रेक भी बनाया। जहां रोजाना सुबह-शाम सैकड़ो लोग घूमने आते हैं, लेकिन इस हिस्से में सुरक्षा के लिए लोहे की रेलिंग लगाने की बजाय सिर्फ जालियां लगाई, लेकिन ग्रीन बेल्ट के इतने बड़े हिस्से में रात में उजाले के लिए एक भी लाइटिंग नहीं लगाई। जबकि इसके आगे बंगाली चौराहे के पास शकुंतला हॉस्पिटल के सामने वाले गार्डन में सुरक्षा जालियों की बजाय लोहे की रेलिंग बनवाई थी। वहीं उजाले के लिए 25 डेकोरेटिव लाईटिंग भी लगवाई है।

# पिपलियाना तालाब के पास एआईसीटीएसएल का नया आधुनिक फास्ट चार्जिंग स्टेशन तैयार

## जहां एक जगह कम समय में चार्ज हो रही इवी कार से लेकर ई-रिक्शा, स्कूटर और बाइक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पिपलियाना तालाब के पास एआईसीटीएसएल द्वारा नया आधुनिक सुविधाओं के साथ फास्ट चार्जिंग स्टेशन तैयार किया है। जहां एक स्थान पर एक छत के नीचे कम समय और कम खर्च में ईवी कार से लेकर ई - रिक्शा और बैटरी वाले स्कूटर और यहां तक की ईवी बाइक भी आसानी से चार्ज हो रही है। जिससे आसपास की 30 से ज्यादा कालोनियों के हजारों रहवासी परिवारों को नवीन चार्जिंग स्टेशन के बनने का सीधा फायदा मिल रहा है।

यही नहीं इस चार्जिंग स्टेशन के बनने से आसपास के रहवासी और व्यापारियों के साथ यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी इसका लाभ मिल रहा है।

**ई-रिक्शा और स्कूटर वाले अपने हिसाब से कम समय में कर लेते है चार्ज-** खास बात यह है कि स्कीम 140 रोड़ से बायपास की और जाने वाले मार्ग पर तालाब के पास बने नए चार्जिंग स्टेशन पर ज्यादातर ई रिक्शा चालक जिनकी गाड़ियों का अचानक चार्जिंग कम हो जाता है वो कुछ देर यहां रुककर निगम के फास्ट चार्जिंग स्टेशन पर आसानी से अपनी गाडियां चार्ज कर लेते है। वहीं स्कूल और कालेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी नए चार्जिंग स्टेशन का सीधा फायदा मिल




**लगातार कर रहा नए चार्जिंग स्टेशन तैयार-** गौरतलब है कि शहर में तेजी से बढ़ रही बैटरी वाली गाड़ियों के लिए निगम द्वारा भी अब लगातार शहर के विभिन्न स्थानों पर नई ई-चार्जिंग स्टेशन बनाने का काम तेजी के साथ चल किया जा रहा है। जिसके तहत लगातार शहर के अलग-अलग हिस्सों में नए चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 40 से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार हो चुके है और कई जगह निर्माण कार्य जारी है।

रहा है। यहां बैटरी वाले अलग-अलग तरह के नए डिजिटल स्कूटर, स्कूटी और ईवी बाइक भी कम समय में आसानी से चार्ज हो रही है।

**शहर में बढ़ती बैटरी गाड़ियों के लिए निगम**

# स्पोर्ट्स ऑफिसर और लाइब्रेरियन के कई पदों पर नहीं मिले थे योग्य अभ्यर्थी, इसलिए इस बार वेकेंसी नहीं

## लाइब्रेरियन के भी यही हाल थे, इसलिए पद नहीं दिए

**इंदौर।** इस बार आखिरकार सहायक प्राध्यापक भर्ती की वेकेंसी में स्पोर्ट्स ऑफिसर और लाइब्रेरियन भर्ती के पद नहीं दिए गए, न अब दिए जाएंगे। इसका कारण यह है कि पिछली भर्ती 2022 वाली में कई पद खाली रह गए थे। 2024 की भर्ती के इंटरव्यू अभी बाकी है।

### यह हुआ था हाल

असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2022 में शामिल स्पोर्ट्स आफिसर के 125 (मुख्य भाग में शामिल पद) पदों की चयन सूची एमपी पीएससी ने पिछले साल जारी कर दी थी। चौंकाने वाली बात यह थी कि 125 में से 62 पदों पर योग्य अभ्यर्थी नहीं मिले थे। यह पद खाली रह गए। पूरे तीन साल में यह प्रक्रिया पूरी हो पाई थी। 30 दिसंबर 2022 को विज्ञापन जारी हुआ था। उसके डेढ़ साल बाद जून 2024 में परीक्षा हुई थी। फिर रिजल्ट और इंटरव्यू की प्रक्रिया चली। लाइब्रेरियन भर्ती में भी कई पद खाली रह गए थे।

### क्यों हुआ था ये

वैकेंसी में स्पोर्ट्स ऑफिसर के कुल 129 पद थे। इनमें 87 प्रतिशत हिस्से यानी मुख्य भाग में 125 तथा 13 प्रतिशत भाग में कुल 4 पद रखे गए थे। मुख्य भाग की चयन सूची जारी की गई। कुल पदों में अनारक्षित श्रेणी के 23 एससी के 8, एसटी के 77, ओबीसी के 15 व ईडब्ल्यूएस के 5 पद थे। इंटरव्यू 4 से 10 दिसंबर तक आयोजित किए गए थे। चयन सूची में चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि एसटी के 77 में से 54 पदों पर योग्य अभ्यर्थी नहीं मिल पाए।

पीएससी ने 30 दिसंबर को 20224 को भी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा की वैकेंसी निकाली थी। उसमें भी स्पोर्ट्स ऑफिसर के 187 पद हैं। परीक्षा और रिजल्ट की प्रक्रिया हो चुकी है। इंटरव्यू की तारीख बाकी है। संभवतः इस साल मार्च-अप्रैल में इसके लिए इंटरव्यू होंगे।

# पिपलियाना पर अब वर्ल्ड कप चौराहे को संवारने की बारी

## निगम ने शुरू किया ट्रैफिक में बाधक बाउंड्रीवॉल और रोटरी तोड़कर नई बनाने का काम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पिपलियाना पर अब वर्ल्ड कप चौराहे को लंबे समय बाद सजाने - संवारने की बारी आई है। जिसके तहत इंदौर नगर निगम ने लंबे समय से ट्रैफिक में बाधक बन रही बाउंड्रीवॉल और लंबी - चौड़ी रोटरी को तोड़कर नई बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। यही नहीं इसके अलावा भीतर के हिस्से में भी साज - सजावट और सौंदर्यकरण के लिए भी कई काम किए जाएंगे। प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना है कि वर्ल्ड कप के आसपास बड़े हिस्से में ग्रीनरी के लिए सजावटी पेड़ - पौधे लगाए जाएंगे। वहीं लंबे समय से ट्रैफिक में बाधक रोटरी तोड़कर उसे छोटा किया जा रहा है। साथ ही वर्ल्ड कप के आसपास रोशनी के लिए सजावटी



लाईटिंग भी लगाने की तैयारी है जिससे रात में भी वर्ल्ड कप चमकेगा।

**यातायात विभाग की मांग पर अब लेफ्ट टर्न भी होगा चौड़ा-** बड़ी बात यह है कि वर्ल्ड कप चौराहे के सौंदरीकरण के साथ लंबे समय से यातायात में बाधक बन रही लंबी - चौड़ी रोटरी भी हटाई गई है। इससे सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि अब लेफ्ट टर्न निर्माण और चौड़ीकरण के लिए भी रास्ता खुल गया है। वहीं अब लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण कार्य को भी इससे रफ्तार मिलेगी। गौरतलब है कि यातायात विभाग के अफसर लंबे समय से पत्र लिखकर निगम से लेफ्ट टर्न के निर्माण और चौड़ीकरण करने की मांग कर रहे थे। जिसे अब जाकर गति मिली है। यही नहीं इससे मुसाखेड़ी की और से कृषि महाविद्यालय की ओर जाने वाले वाहन चालकों को भविष्य में लेफ्ट टर्न बनने के बाद पिपलियाहाना चौराहे पर रुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वाहन चालक आसानी से बिना चौराहे पर रुके आगे की और जा सकेंगे। साथ ही चौराहे पर सजाने - संवारने के काम होने के बाद आकर्षक लाईटिंग की जगमगाहट से रात में वर्ल्ड कप दूर से ही चमकता नजर आएगा।

## संपादकीय

# जजों के खिलाफ 10 साल में 8,600 से अधिक शिकायतें, क्या है न्यायपालिका का 'इन-हाउस' जांच तंत्र

भारत में न्यायपालिका की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर बढ़ती शिकायतें भरोसे और जवाबदेही को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। आम आदमी की न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक प्रणाली की शुचिता को बनाए रखना बेहद जरूरी है। न्यायपालिका लोकतंत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ होता है, जो कानून के शासन को बनाए रखने और संविधान की मौलिकता के संरक्षण में अहम भूमिका निभाता है। भारत में न्यायपालिका को न्याय का मंदिर कहा जाता है, जहां विवादों का निस्तारण कर नागरिक अधिकारों की रक्षा की जाती है। किसी भी तरह की परेशानी या जटिल परिस्थिति में नागरिकों के लिए न्यायपालिका अंतिम आस होती है। ऐसे में अगर न्यायिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर ही सवाल उठने लगे, तो उस भरोसे का क्या होगा, जो न्याय की उम्मीद पर टिका होता है। यह चिंता सरकार के उन आंकड़ों से उपजी है, जिनमें कहा गया है कि देश के प्रधान न्यायाधीश के कार्यालय को वर्ष 2016 से अब तक मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ 8,600 से अधिक शिकायतें मिली हैं। सरकार की ओर से शुक्रवार को लोकसभा में यह जानकारी दी गई, जिसके मुताबिक वर्ष 2024 में सबसे अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। यानी समय के साथ शिकायतों का यह सिलसिला बढ़ रहा है। दरअसल, लोकतंत्र में न्यायपालिका से उम्मीद की जाती है कि वह निष्पक्षता, पारदर्शिता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करेगी। नागरिक अधिकारों की रक्षा करना न्यायपालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है, इसलिए वह जनता के लिए साहस और आत्मविश्वास का स्रोत भी होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में शक्ति संतुलन बनाए रखने में भी इसकी भूमिका अहम है। आम आदमी की न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक प्रणाली की शुचिता को बनाए रखना बेहद जरूरी है और यह तभी संभव हो पाता है, जब न्यायिक अधिकारियों का आचरण पूरी तरह पाक-साफ हो। इसमें दोराय नहीं कि विधायिका और कार्यपालिका की तुलना में आम नागरिक न्यायपालिका पर अधिक निर्भर रहते हैं, क्योंकि उन्हें न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा होता है। न्यायिक प्रक्रिया भी तभी निष्पक्ष और निर्भीक हो सकती है, जब वह किसी भी तरह के अनुचित हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त हो। नियमानुसार उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों का निपटारा न्यायपालिका द्वारा 'आंतरिक तंत्र' के माध्यम से किया जाता है। वर्ष 1997 में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दो प्रस्ताव पारित किए गए थे, जिनके तहत शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के अनुपालन के लिए कुछ मानक और सिद्धांत निर्धारित किए गए थे। इनका पालन न होने पर आंतरिक प्रक्रिया के तहत संबंधित न्यायिक अधिकारियों पर कार्रवाई की जाती है। मगर, न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतें बढ़ने का क्रम यह दर्शाता है कि आंतरिक जांच प्रक्रिया या तो धीमी है या फिर उसमें कोई बाधा उत्पन्न हो रही है। न्यायपालिका में भी भ्रष्टाचार के मामले यदाकदा सामने आते रहते हैं, लेकिन उनकी जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और समय सीमा का अभाव नजर आता है। पिछले वर्ष मार्च में सामने आए एक न्यायाधीश के दिल्ली स्थित आवास पर जले हुए नोटों की गड्डी मिलने के मामले में अब तक कोई खास प्रगति न होने पर भी सवाल उठ रहे हैं। माना जा रहा है कि अगर यह मामला किसी प्रशासनिक अधिकारी या आम नागरिक से जुड़ा होता, तो जांच प्रक्रिया अब तक काफी आगे पहुंच गई होती। इस स्थिति के पीछे उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों के मामलों में जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया का जटिल ढांचा भी एक बड़ा कारण है, जिसे सरल एवं स्पष्ट बनाए जाने की जरूरत है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में नागरिकों का भरोसा कायम रहे।

# पारिवारिक विवाद में पत्थर और लात-घूंसे से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तेजाजी नगर इलाके में पारिवारिक विवाद में आरोपियों ने पत्थर और लात-घूंसे से हमलाकर नाबालिग को घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटना भावना नगर की है। घायल का नाम अमन पिता कान्हा सिटोले (17) निवासी भावना नगर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी पूजा पति विजय सोलंकी और उसके दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मेरी मामी पूजा मुझे व मेरी मां को गालियां दे रही थी।विरोध करने पर पूजा ने अपने भाइयों सुरेश, लखन और श्याम को मौके पर बुला लिया। चारों आरोपियों ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए अमन व उसकी मां के साथ मारपीट की। आरोप है कि श्याम ने पत्थर से अमन के सिर के बाएं हिस्से पर वार कर घायल कर दिया, जबकि सुरेश और लखन ने हाथ-मुक्कों से हमला कर उसकी बाईं कोहनी व दाहिने घुटने में चोट पहुंचाई।

# डॉक्टर के सूने मकान में सेंध

## ताला तोड़कर घुसे चोर, नकदी और बर्तन तक समेट ले गए

**इंदौर।** पलासिया थाना इलाके के मनोरमागंज में अज्ञात बदमाशों ने एक डॉक्टर के सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर की अलमारी का लॉकर तोड़कर नकदी सहित घरेलू सामान ले उड़े। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के मुताबिक, वारदात मनोरमागंज निवासी डॉ. पुलकित चतुर्वेदी के घर पर हुई। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि वे किसी काम से बाहर गए थे, तभी सूने घर का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए। बदमाशों ने घर के कमरों की तलाशी ली और अलमारी के लॉकर को औजारों की मदद से तोड़ दिया। चोरों ने वहां रखे 30 हजार रुपये नगद, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और किचन में रखे कीमती बर्तन भी समेट लिए। डॉक्टर जब वापस लौटे तो उन्हें घर का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा पड़ा था। डॉ. पुलकित ने पलासिया थाने पहुँचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों के आने-जाने के रास्तों का पता लगा रही है।

# पुताई के दौरान गिरने से पेंटर की मौत

**इंदौर।** लसुड़िया इलाके में एक मकान में दीवार पर पुताई के दौरान गिरने से पेंटर की हुई मौत में पुलिस ने जांच के बाद ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 30 सितंबर की दोपहर हादसा अंकुर आंगन कॉलोनी में हुआ था। मृतक का नाम प्रेम राठौर (23) है। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी दयाराम पिता दगडू राठौर निवासी देवपुरी खजराना के खिलाफ सुरक्षा में लापरवाही का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक प्रेम राठौर प्रतीक यादव के मकान में पुताई का काम कर रहा था। वह सीढ़ी सीडी के पास रोशनदान पर करीबन 15 फिट पर चढकर पुताई कर रहा था। उसी दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिर पड़ा और सिर में चोट आने के बाद मौत हो गई थी।

# पीएससी में अब सिर्फ एक सदस्य का पद खाली, लेकिन कई दावेदार

## *नया सदस्य मिला तो बोर्ड रोजाना 190 इंटरव्यू ले सकेंगे*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

एमपी पीएससी में एक सदस्य की नियुक्ति के महीनेभर बाद अब दूसरे खाली पड़े सदस्य के पद को लेकर कवायद तेज हो गई है। एक अनार सौ बीमार वाली कहावत के तहत कई दावेदार सामने आए है। गाड़ी बंगला वाले इस पद का कार्यकाल 6 साल है। कुल पांच में से 4 सदस्य हैं। एक ही खाली है। ये भर जाएगा तो रोज सौ अभ्यर्थी के इंटरव्यू हो सकेंगे। अभी 60 से 70 हो रहे हैं।

### पहले दो पद थे खाली, इसी कारण कई बड़े इंटरव्यू अटक गए थे

इससे पहले दो बोर्ड का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी नए सदस्य की नियुक्ति नहीं हो पाने के कारण 10 से ज्यादा अहम परीक्षाओं के इंटरव्यू अटक गए थे। अब एक सदस्य आने के बाद रोजाना चार बोर्ड इंटव्यू ले रहे हैं। पहले महज तीन बोर्ड ही होने के कारण पीएससी को किसी भी परीक्षा के इंटरव्यू खत्म करने में 40 फीसदी अतिरिक्त समय लग रहा था। अब अगर एक बोर्ड के गठन में ज्यादा देरी हुई तो 2025 की कई अहम परीक्षाओं के इंटरव्यू 2026 में भी बमुश्किल हो पाएंगे। फिलहाल 4 बोर्ड हैं, जबकि पांच होना चाहिए।

### ये समझना बहुत है जरूरी

पीएससी जैसे संस्थान में सर्वोच्च माने जाने वाले बोर्ड के गठन में शासन की इस देरी से हजारों अभ्यर्थियों को न केवल परेशान होना पड़ता है। साथ ही पीएससी का एकेडमिक कैलेंडर भी गड़बड़ा जाता है। एक बोर्ड दो साल से ज्यादा समय पहले ही खत्म हो चुका है, जबकि दूसरे बोर्ड के सदस्य का कार्यकाल 10 जुलाई को खत्म हुआ था।

### एक सदस्य और मिले तो इन इंटरव्यू में आएगी तेजी

मेडिकल आफिसर भर्ती परीक्षा के 1832 पदों के इंटरव्यू चल रहे हैं, इसके तेजी आ जाएगी। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2024 के 19 विषयों के 1918 पदों के इंटरव्यू इस साल मई में पूरे हो जाने थे। लेकिन, अभी भी इसमें से 15 विषयों के साढ़े 1840 से ज्यादा पदों के इंटरव्यू की तारीख तक नहीं आई है। एक बोर्ड बढ़ने से इंटरव्यू तेजी से होंगे।ष्असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2024 इसी साल 1 जून व 27 जुलाई दो शिफ्ट में हो चुकी है।

### पॉवरफुल है यह पद

पीएससी में सदस्य का नाम कैबिनेट तय करती है। नियुक्ति राज्यपाल करते हैं। पीएससी मेंबर ही इंटरव्यू बोर्ड का चेयरमैन होता है। सदस्य का कार्यकाल अधिकतम 6 वर्ष का होता है। जिन सदस्यों की 62 वर्ष की उम्र पूरी हो जाए तो उन्हें छह वर्ष के कार्यकाल के पहले ही पद छोड़ना पड़ता है।

# 1 अप्रैल से होंगी पीजी दूसरे और चौथे सेम की परीक्षाएं, नकल में अकल लगाई तो होंगे आउट

### टाइम टेबल भी जल्दी आएगा, ताकि छात्र कर सकें तैयारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कई पीजी कोर्स का दूसरे और चौथे सेम की एग्जाम 1 अप्रैल से आरंभ होंगी। एमबीए, बीएड, लॉ जैसे प्रोफेशनल और एमए, एमकॉम और एमएससी जैसे परंपरागत कोर्स की दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं अरसे बाद समय पर शुरू और खत्म हो जाएंगी। फर्स्ट और थर्ड सेम की तरह इस बार सभी परीक्षाएं साथ-साथ चलेंगी। हर बार एमए और एमकॉम की परीक्षा तो अप्रैल-मई में हो जाती थी, लेकिन एमबीए, बीएड जैसे कोर्स की जून, जुलाई तक हो पाती थी। इस बार यह सारी परीक्षाएं समय पर भी होंगी और जल्दी भी होने जा रही है। रिजल्ट भी एक साथ 30 मई तक आएंगे। परीक्षा पैटर्न और स्कीम पुरानी ही रहेगी।

वार्षिक परीक्षाओं के टाइम टेबल आ चुके- बीबीए, बीए, बीकॉम और बीएससी जैसे कोर्स की वार्षिक परीक्षाएं थर्ड और फोर्थ ईयर की 5 मार्च से आरंभ होंगी। जबकि, सेकंड ईयर की 16 अप्रैल से शुरू होगी। वहीं फर्स्ट की परीक्षाएं 12 मई से आरंभ होंगी। 31 मई तक यह परीक्षाएं खत्म भी हो जाएंगी। साथ ही 30 जून तक सारे रिजल्ट भी आ जाएंगे।

**यह प्रयोग सफल रहा डीएवीवी का -** डीएवीवी की पीजी और इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की परीक्षाएं पहले सेमेस्टर की 1 नवंबर से शुरू हो गई थी। और बची हुई भी दिसंबर में हो गई। एमबीए, बीएड, बीए एलएलबी, एलएलबी, बीबीए एलएलबी के साथ ही एमए, एमकॉम के साथ ही एमएससी की थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 1 नवंबर तक शुरू होकर उसी माह खत्म हो गई। वहीं एमबीए, बीएड, बीए एलएलबी, एलएलबी, बीबीए एलएलबी और एमए, एमकॉम, एमएससी की फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षाए दिसंबर में हो गई। दोनों के रिजल्ट 31 जनवरी से पहले आ गए।



# जैन ग्रुप के स्वास्थ्य शिविर में 260 लोगों ने लिया लाभ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन, चोईथराम नेत्रालय के तत्वावधान में आजाद नगर क्षेत्र के मदीना नगर स्कूल में लगे नेत्र शिविर में 260 मरीजों ने लाभ लिया। 28 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे। जरूरतमंद को 145 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए। सुरेश देशलहरा, अनोखीलाल जैन, श्रेणिक तांतेड, भंवरलाल कासवा, विजयसिंह नाहर, सुरेन्द्रकुमार मारू, सुरेशचंद जैन, जिनेन्द्र पारख, गिरीश बाफना, किरण संचेती, अरविन्द चौधरी, चंद्रकुमार फतेहपुरिया, प्रकाश भटेवरा, सुरेश सकलेचा, आनंदीलाल संचेती, मुजफ्फर करीम, मुकेश सुखयानी, सलीम पठान, रामप्रसाद गोयल, शेख इमरान का सहयोग रहा। लाभार्थी केसरीमल, मनोरमा बाई जैन श्रीधी धी परिवार रहे।

# वित्त निगम लगाएगा कल से दो दिन का समाधान शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश वित्त निगम द्वारा ऋण खातों के निराकरण एवं वसूली संबंधी मामलों के समाधान हेतु कल 17 एवं 18 फरवरी 2026 को विशेष समाधान शिविर इंदौर के अलावा भोपाल और जबलपुर में आयोजित किए गए हैं। यह दो दिवसीय शिविर दोपहर 12 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित होंगे। निगम द्वारा समस्त ऋणधारकों से अपील की गई है कि वे इन शिविरों का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने प्रकरणों का निराकरण कराएं। शिविर में समस्त आरआरसी प्रकरणों का एक मुश्त निपटारा किया जाएगा। प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश वित्त निगम वंदना वैद्य ने बताया कि उक्त समाधान शिविर इंदौर में गीता भवन चौराहा स्थित प्रधान कार्यालय फाइनेंस हाउस ए.बी. रोड पर आयोजित होगा। निगम से ऋण प्राप्त करने वाले ऐसे सभी ऋणधारकों जो किसी कारणवश निर्धारित समय पर ऋण चुकाने में असफल रहे हैं, वे उक्त शिविर में उपस्थित होकर अपने प्रकरण का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में ऋण चुकाने से संबंधित विभिन्न विकल्पों की जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही इच्छुक ऋणधारक आवश्यक राशि जमा कर अपने ऋण खाते का निराकरण भी कर सकेंगे।

# भरतनाट्यम नृत्य की दो घंटे तक प्रस्तुति



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वरदा कला संस्थान की निदेशिका एवं कलागुरु श्रुति राजीव शर्मा के निर्देशन में महाशिवरात्रि पर भरतनाटयम नृत्य की कला साधिकाएं डॉ. भूमि बिसेन और विश्वांगी वडनेरे का अंरगेत्रम लाभ मंडपम अभय प्रशाल में दो घंटे तक भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति गोल्डन क्रीम की परम्परागत साड़ी में दी गई। यह प्रस्तुति विविध नृत्य की क्रमवार प्रस्तुति दी गई। इन दोनों कलाकारों ने राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम पर भी प्रस्तुति दी। शुभारंभ पर सांसद शंकर लालवानी, वीएस कोकजे, भारती सिंग राजपूत, डॉ. मुकेश मोड़, राजेश ज्वेल, रामसिंह राणावत की मौजूदगी में समाजसेवी श्रीमती राजसिंह बिसेन का सम्मान किया गया। दोनों कलाकारों का भी सम्मान हुआ। सुनीता आदेश जैन, अजयसिंह बिसेन, श्रुति राजीव शर्मा, विरल वडनेरे, राजीव शर्मा, पदमा बिसेन, अवन्तिका वडनेरे, डॉ. राशि शर्मा, प्रभा पचौरी, डॉ. स्मिता तिवारी, अतुल मिश्रा, अनुराधा सक्सेना ने किया।



# चिकित्सकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के समस्त शासकीय मेडिकल आफिसर और चयनित निजी संस्थानों के चिकित्सकों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला मलेरिया कार्यालय इन्दौर के तत्वावधान में किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य विषय 'डेंगू का क्लीनिकल मैनेजमेंट, आईसीयू प्रबंधन, उपचार की नई तकनीक तथा नवाचार' था। डॉ. माधव हासानी, डॉ. बीआर शुक्ला, डॉ. रश्मि शर्मा दुबे, खुशबू वर्मा, महेश शर्मा मौजूद थे।

# पूर्व मंत्री ने कहा राजनीतिक क्षेत्र में कोली/कोरी समाज की लीडरशीप शून्य



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कोली/कोरी समाज से जुड़े पूर्व मंत्री नारायणप्रसाद कबीरपंथी कल इंदौर प्रवास पर थे और उन्होंने पलासिया क्षेत्र के शांति नगर में कोली/कोरी समाज के महापंचायत के संरक्षक कैलाशचंद चौधरी के निवास पर आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि कोली/कोरी समाज का पूर्व में इतिहास गौरवशाली रहा, लेकिन आज राजनीतिक क्षेत्र में हमारी लीडरशीप शून्य होने के कारण हमारा सामाजिक और आर्थिक विकास अवरुद्ध सा हो गया है, हमें समाज में लीडरशीप तैयार करना होगी। राजनीति प्लेटफार्म भी तैयार करना होगा और इसकी शुरूआत इंदौर से करना होगी। प्रकाश महावर कोली, कैलाशचन्द चौधरी, दिनेश वर्मा, डॉ. संजय तंतुवाय, ओमप्रकाश धीमान, सुरेश वर्मा, नवीन चौधरी, गणेश वर्मा, रवि वर्मा, प्रवीण चौधरी मौजूद थे।

# टी 20 विश्व कप में तो अब नहीं खुल पाया है अभिषेक का खाता



**कोलंबो।** टी 20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा का नाम भी जुड़ गया है। वे इस शर्मनाक रिकॉर्ड वाली लिस्ट में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया 3 मैच जीतकर सुपर 8 के लिए क्वालीफाई कर चुकी है, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि अभिषेक शर्मा का अभी तक इस टूर्नामेंट में खाता नहीं खुला है। अभिषेक शर्मा 3 में से दो मैच टी20 विश्व कप 2026 में खेल चुके हैं, लेकिन अभी तक उनके बल्ले से एक भी रन नहीं आया है। दोनों मैचों में वह शून्य पर आउट हुए हैं। इतना ही नहीं, एक कैलेंडर ईयर में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले वे भारत के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

अभिषेक शर्मा ने 7 फरवरी को टी20 विश्व कप में डेब्यू किया। यूएसए के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में जब वे उतरे तो सभी को लग रहा था कि यूएसए के गेंदबाजों को वे पटक-पटक कर मारेंगे, लेकिन उनकी पारी पहली गेंद पर ही समाप्त हो गई थी। इसके बाद दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में नामीबिया के खिलाफ वे खेल नहीं पाए, क्योंकि बीमार पड़ गए थे। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने मैच में वापसी की।

पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2025 में उन्होंने खूब रन बनाए थे। ऐसे में माना जा रहा था कि अभिषेक शर्मा यहां भी रन बनाएंगे। हालांकि, 3 गेंदों में ही वह बिना खाता खेले आउट हो गए। 2026 में यह चौथी बार था, जब अभिषेक शर्मा का खाता टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में नहीं खुला। पिछले 6 मैचों में वह 4 बार बिना खाता खोले आउट हो चुके हैं। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक साल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने का शर्मनाक रिकॉर्ड भारत के लिए संजू सैमसन का है, जो पिछले साल 2025 में 5 बार बिना खाता खोले आउट हुए थे। अभिषेक शर्मा इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के दूसरे और चौथे मुकाबले में भी खाता नहीं खोल पाए थे।

# इस जीत से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा: ईशान



**कोलंबो।** पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में 40 गेंद में 77 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर भारत की बड़ी जीत में ईशान किशन ने अहम योगदान दिया। इस तूफानी पारी के लिए वे प्लेयर ऑफ द मैच भी चुने गए, जबकि मैच के बाद ईशान किशन ने कहा कि इस जीत से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। उन्होंने ये भी कहा कि पहली पारी में जब शाहीन अफरीदी गेंदबाजी कर रहे थे तो ऐसा लग रहा था कि पिच में पेसर्स के लिए मदद नहीं है, लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी की।

ईशान ने स्पिन की अनुकूल पिच पर 40 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्के लगाने के अलावा तिलक वर्मा (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन जोड़कर भारत का दबदबा कायम रखा। उन्हें इस कमाल की पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। भारत ने सात विकेट पर 175 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को 18 ओवर में 114 रन पर आउट कर 61 रन से जीत दर्ज की। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, मुझे लगता है कि शुरुआत में विकेट उतना आसान नहीं था। ऐसे में खुद पर भरोसा रखना और अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी था। मैंने अपने ऑफ-साइड खेल पर काफी मेहनत की है। मैं बस चीजों को सरल रखने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा कि उनके दिमाग में 160-170 रन का स्कोर खड़ा करने का लक्ष्य था। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में साफ था कि अगर हम 160-170 रन बना लेते हैं तो वह हमारे लिए अच्छा स्कोर होगा। उन्होंने कहा कि इस जीत से टीम का मनोबल बढेगा। विकेटकीपर और ओपनर ने कहा, भारत बनाम पाकिस्तान हमेशा एक खास मुकाबला होता है, सिर्फ हमारे लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए।

# किशन की पारी से कप्तान का सीना चौड़ा हो गया है: सूर्यकुमार

**कोलंबो ।** टी-20 विश्व कप 2026 के महा-मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने भारत के सामने घुटने टेक दिए। कोलंबो के ऐतिहासिक आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 61 रनों के बड़े अंतर से हराया। भारत की पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप में यह 8वीं जीत है। इस जीत से भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बहुत खुश थे। उन्होंने ईशान किशन की 40 गेंदों में 77 रनों की ताबड़तोड़ पारी की सराहना की है। किशन की पारी से कप्तान का सीना चौड़ा हो गया है। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में कप्तान सूर्या ने बात करते हुए ईशान किशन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि बिना किसी स्कोर के एक विकेट गिर जाने के बाद इस तरह की बल्लेबाजी करना अद्भुत था। कप्तान सूर्या ने कहा कि ईशान किशन ने इस मैच में कुछ हटकर सोचा। ईशान की आउट ऑफ बॉक्स सोच ने भारत को मैच में काफी मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। कप्तान सूर्या ने कहा कि आज के मैच में शुरुआत में विकेट गिरने के बाद किसी ना किसी को तो जिम्मेदारी लेनी ही थी और यह जिम्मेदारी ईशान किशन ने जिस तरीके से ली है वह अद्भुत है।

## न्यूज इन बॉक्स

### सॉफ्टवेयर एसोसिएशन कराएगा क्रिकेट लीग



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर सॉफ्टवेयर एसोसिएशन द्वारा स्पोर्ट्स इवेंट 'आईएसए क्रिकेट लीग सीजन 4 का आधिकारिक कार्यक्रम जारी कर टेक फाउंडर्स और मेंबर्स की मौजूदगी में इस सीजन की ट्रॉफी का अनावरण करने के साथ कैलेंडर जारी किया। इस बार की लीग में 32 आईटी/आईटीईएस कंपनियों की टीमें इसमें हिस्सा लेंगी और ये सभी रोमांचक 1-घंटे के मैच यशवंत क्लब के मैदान पर खेले जाएंगे। अनावरण के दौरान अतिथि स्वप्निल कोठारी, डॉ. निशांत खरे, राजेश दंडोतिया थे। 32 टीमें मैच खेलेंगी, हर टीम में 9 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ियों का होना अनिवार्य किया गया है। 35 मैच होंगे, 71 हजार रु. का इनाम भी रखा गया है। हर पारी का पहला ओवर सिर्फ महिला खिलाड़ी ही खेलेंगी। मैचों की शुरुआत शनिवार, 21 फरवरी को ग्रुप ए के साथ होगी, जिसके बाद रविवार, 22 फरवरी को ग्रुप बी के मैच होंगे। अगले हफ्ते शुक्रवार, 27 फरवरी को ग्रुप सी और शनिवार, 28 फरवरी को ग्रुप डी के मुकाबले होंगे। सीजन का समापन रविवार, 1 मार्च को नॉकआउट मैचों और फाइनल मुकाबले के साथ होगा।

### कप्तान सूर्यकुमार-सलमान ने फिर नहीं मिलाया हाथ

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने रविवार को कोलंबो में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। टॉस के दौरान एक बार फिर दोनों कप्तानों के बीच दूरियां नजर आईं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कोलंबो में टी20 विश्व कप मैच में टॉस के दौरान पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया और पिछले साल दुबई में एशिया कप के बाद से चली आ रही नीति को कायम रखा। सूर्यकुमार ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के सम्मान और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ हाथ नहीं मिलाने की नीति अपनाई थी। मैच से पहले ही यह बात तब साफ हो गई थी जब सूर्यकुमार और सलमान में से किसी ने भी हाथ मिलाने का वादा नहीं किया था।

# पाकिस्तान से जीतते ही भारत ने बनाया नया वर्ल्ड रिकॉर्ड

## एक देश के खिलाफ इतने मैच किसी टीम ने नहीं जीते

**कोलंबो ।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के ऐतिहासिक महामुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से धूल चटाकर न केवल अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की, बल्कि सुपर-8 में जगह बनाने वाली ग्रुप-ए की पहली टीम भी बन गई है। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में मिली यह जीत रिकॉर्ड बुक में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गई है। इस मुकाबले में टीम इंडिया ने एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। ऐसे में आइए आपको बताते हैं कि वह रिकॉर्ड क्या है।



इस जीत के साथ भारत ने एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जो दुनिया की कोई और टीम नहीं कर सकी। भारत टी20 वर्ल्ड कप इतिहास की पहली टीम बन गई है जिसने किसी एक प्रतिद्वंद्वी (पाकिस्तान) के खिलाफ 8 जीत दर्ज की हैं। अब तक दोनों के बीच हुए 9 मुकाबलों में से भारत ने 8 जीते हैं, जबकि पाकिस्तान को सिर्फ एक में सफलता मिली है। वो मैच साल 2021 में खेला गया था। इसके अलावा पाकिस्तान आज तक भारत से नहीं जीत सका है। भारतीय टीम का यह रिकॉर्ड इतना दमदार है कि आज किसी भी अन्य टीम ने एक विरोधी के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप में 6 से ज्यादा जीत नहीं दर्ज की है।

### पाकिस्तानी बल्लेबाजी का सरेंडर

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजी के सामने बेबस दिखी। पूरी टीम 18 ओवर में महज 114 रनों पर सिमट गई। भारत की घातक गेंदबाजी के आगे पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल सका, जिससे टीम इंडिया ने एकतरफा अंदाज में जीत हासिल की। इस मुकाबले से पहले पाकिस्तान की गेंदबाजी को लेकर काफी ज्यादा बातें की जा रही थी, लेकिन इस मैच टीम इंडिया ने दिखा दिया कि वह दुनिया की नंबर 1 साइड क्यों हैं।

### सूर्या की कप्तानी में अजेय भारत

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड शत-प्रतिशत रहा है। उनकी लीडरशिप में भारत ने अब तक खेले गए सभी चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान को मात दी है। कुल टी20आई रिकॉर्ड की बात करें तो भारत अब 14-3 की बढ़त के साथ पाकिस्तान पर पूरी तरह हावी है।

### ईशान के तूफान में उड़ा पाक

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने ईशान किशन की आतिशी पारी की बदौलत 20 ओवर में 175/6 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। ईशान ने महज 40 गेंदों पर 77 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसके लिए उन्हें लगातार दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी संयमित बल्लेबाजी करते हुए 32 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। ईशान किशन की पारी के बारे में बात करें तो उनकी बल्लेबाजी देखकर लग ही नहीं रहा था कि कोलंबो की पिच गेंदबाजों के फेवर में है। वह हर एक खिलाड़ी को चार्ज कर रहे थे।

# अंतरमहाविद्यालय खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह



**इंदौर।** प्रतिवर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शुभदीप कॉलेज ऑफ नर्सिंग, इंदौर द्वारा तीन दिवसीय अंतरमहाविद्यालय खेल महोत्सव 'उत्सवछ द विरासत 2के26' का भव्य आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस आयोजन में इंदौर के विभिन्न नर्सिंग एवं मेडिकल महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

महोत्सव में इंडेक्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सैफायर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, इंदौर नर्सिंग कॉलेज, आर.डी. गार्डी नर्सिंग कॉलेज, शुभदीप आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, एस.डी.पी.एस. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, प्रत्यान्श कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मदर मेरी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, केवल श्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग, केशव कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा कोर कॉलेज ऑफ नर्सिंग सहित अनेक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। तीन दिनों तक महाविद्यालय परिसर खेल उत्साह और प्रतिस्पर्धा से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश गिरी गोस्वामी एवं विशिष्ट अतिथियों डॉ. जय शंकर मुंड, ॐ गोस्वामी, अभिषेक जैन, प्रवीण जैन, प्रियंका गोस्वामी तथा सुकांत सराफ द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, शतरंज एवं कैरम की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। सभी मुकाबले अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

क्रिकेट बालक वर्ग में शुभदीप कॉलेज ऑफ नर्सिंग विजेता और इंदौर नर्सिंग कॉलेज उपविजेता रहा, जबकि बालिका वर्ग में मदर मेरी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने विजेता तथा आर.डी. गार्डी नर्सिंग कॉलेज ने उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। वॉलीबॉल बालक वर्ग में केशव कॉलेज ऑफ नर्सिंग विजेता और केवल श्री ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में शुभदीप आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज विजेता और शुभदीप कॉलेज ऑफ नर्सिंग उपविजेता रहा। कबड्डी बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में प्रत्यान्श कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया, जबकि केवल श्री ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन और शुभदीप कॉलेज ऑफ नर्सिंग क्रमशः उपविजेता रहे। शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग में इंडेक्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सयाम सेन विजेता और रंजन कुमार उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में एस.डी.पी.एस. कॉलेज ऑफ नर्सिंग की अदिति विश्वकर्मा विजेता तथा शुभदीप कॉलेज ऑफ नर्सिंग की कृपा यादव उपविजेता रहीं। कैरम प्रतियोगिता में बालक वर्ग में केवल श्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग के रमेश्वर पवार विजेता और केशव कॉलेज ऑफ नर्सिंग के अनुज कटारे उपविजेता रहे।

# पाक पर मंडराया वर्ल्ड कप से बाहर होने का खतरा

**कोलंबो ।** टीम इंडिया से करारी हार मिलने के बाद पाकिस्तान की टीम पर टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। ऐसा भी हो सकता है कि लगातार दूसरी बार टीम सुपर 8 के लिए क्वालीफाई न कर पाए। इसका सिनेरियो जान लीजिए।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार दो मैच ग्रुप फेज में जीतने के बाद पाकिस्तान की टीम अपने तीसरे मैच में भारत के सामने खड़ी थी। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को ब्लॉकबस्टर मैच की उम्मीद की जा रही थी। हालांकि, पाकिस्तान की टीम इस मैच में फुस्स हो गई। पाकिस्तान को भारतीय टीम ने बुरी तरह से हराया। इसी हार की वजह से पाकिस्तान की टीम पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

दरअसल, पाकिस्तान की टीम टी20 विश्व कप 2026 में ग्रुप ए में है। पाकिस्तान के अलावा ग्रुप में चार और टीमें भी हैं। पांच में से कोई दो टीमें ही सुपर 8 के लिए क्वालीफाई करेंगी। अगले फेज के लिए भारतीय टीम ने क्वालीफाई कर लिया है। इसके अलावा एक टीम इस ग्रुप से एलिमिनेट हो गई है। ऐसे में तीन टीमों के बीच अब एक पायदान के लिए जंग होने वाली है और इस जंग में अगर पाकिस्तान की टीम मात खा जाए तो वह टी20 विश्व कप से बाहर हो जाएगी।



ग्रुप ए में इस समय 3 मैचों में जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम शीर्ष पर है और सुपर 8 में पहुंच गई है। दूसरे नंबर पर ग्रुप में यूएसए की टीम है, जो 4 में से दो मैच जीत चुकी है और दो मैच हारी है। सभी लीग मैच यूएसए के समाप्त हो चुके हैं। हालांकि, नेट रन रेट यूएसए का पाकिस्तान से बेहतर है, क्योंकि 3 मैचों के बाद 4 अंक हासिल कर चुकी पाकिस्तान की टीम तीसरे स्थान पर है। यूएसए का नेट रन रेट प्लस में है, जबकि पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस में है।

नीदरलैंड 3 में से एक मैच जीतने के बाद चौथे स्थान पर है और नामीबिया की टीम 3 मैच हार चुकी है और सबसे आखिरी पायदान पर है, जो एलिमिनेट हो गई है। हालांकि, यूएसए, पाकिस्तान और नीदरलैंड इस ग्रुप से सुपर 8 में जाने की रेस में हैं। अब सिनेरियो ये कहता है कि अगर पाकिस्तान की टीम अपने आखिरी मैच में नामीबिया से हार जाती है तो फिर पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी, क्योंकि नेट रन रेट यूएसए का बेहतर है।

थोड़े बहुत ही सही, लेकिन उम्मीद नीदरलैंड के भी सुपर 8 में जाने की हैं। हालांकि, इसके लिए उन्हें पहले तो भारत को बड़े अंतर से हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि पाकिस्तान की टीम को नामीबिया से हार मिल जाए। इसके अलावा उनका नेट रन रेट इतना बेहतर हो जाए कि यूएसए के नेट रन रेट को पीछे छोड़ दें, क्योंकि यूएसए के चार अंक हो चुके हैं और सभी मुकाबले उनके खेले जा चुके हैं। अगर पाकिस्तान की टीम नामीबिया को भले ही एक रन से ही क्यों न हराए, वह सुपर 8 में 6 अंकों के साथ क्वालीफाई कर जाएगी।

# गलत इलाज से महिला की मौत डॉक्टर और असिस्टेंट पर केस दर्ज






## एक्सपायरी डेट की ग्लूकोज बोतल चढ़ाने का खुलासा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के खातीवाला टैंक स्थित एक क्लिनिक में हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। करीब पांच माह की विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने डॉक्टर ज्ञान एस. पंजवानी और उनके बिना डिग्री वाले असिस्टेंट के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि क्लिनिक में न केवल फर्जीवाड़ा चल रहा था, बल्कि इलाज में भी जानलेवा लापरवाही बरती गई थी।

पुलिस के मुताबिक, बीजलपुर निवासी मंजू चौहान (40) की हालत क्लिनिक में उपचार के बाद बिगड़ गई थी और बाद में उनकी मौत हो गई थी।



चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ कि डॉक्टर पंजवानी के असिस्टेंट श्रीचंद बागेजा के पास फार्मेसी या चिकित्सा की कोई डिग्री नहीं थी। इसके बावजूद उसने डॉ. पंजवानी की अनुपस्थिति में महिला को एलोपैथिक उपचार दिया और उसे एक्सपायरी डेट की ग्लूकोज बोतल चढ़ा दी। घटना के वक्त जब परिजनों ने आधी रात को हंगामा किया था, तब स्वास्थ्य विभाग और ड्रग इंस्पेक्टर की जांच में कई अनियमितताएं मिली थीं। जिनमें क्लिनिक के नाम पर 15 बेड लगाकर उसे अवैध रूप से नर्सिंग होम की तरह चलाया जा रहा था। मुख्य डॉक्टर पिछले तीन महीनों से अवकाश पर थे और क्लिनिक पूरी तरह से अनुभवहीन असिस्टेंट के भरोसे था। परिजनों ने आरोप लगाया था कि डॉ. पंजवानी के पास पाकिस्तान की डिग्री है, जिसकी भी जांच की जा रही है। जूनी इंदौर पुलिस ने फरियादी रोहन चौहान की शिकायत और सीएमएचओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर डॉ. ज्ञान एस. पंजवानी और सहायक श्रीचंद बागेजा के खिलाफ केस दर्ज किया है। उक्त क्लिनिक को स्वास्थ्य विभाग पहले ही सील कर चुका है। अब पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी और उनकी डिग्रियों की वैधता की गहराई से पड़ताल कर रही है।

# डंपर की टक्कर से साइकिल सवार फॉरेस्ट चौकीदार की मौत

## ड्यूटी कर घर लौटते समय हुआ हादसा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खुड़ैल थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार डंपर ने वन विभाग के बुजुर्ग चौकीदार की जान ले ली। हादसा उस समय हुआ जब बुजुर्ग अपनी ड्यूटी पूरी कर साइकिल से घर लौट रहे थे। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल भर्ती कराया गया था, जहाँ इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।



मृतक का नाम शरीफ पिता बाबूलाल शाह (73), निवासी ग्राम पिवडाय के रूप में हुई है। शरीफ वन विभाग में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। करीब पांच दिन पहले शाम के समय वह अपनी ड्यूटी खत्म कर साइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शरीफ उछलकर काफी दूर सड़क पर जा गिरे, जिससे उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाई और उन्हें अस्पताल पहुँचाया। पिछले पांच दिनों से उनका उपचार जारी था, लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।



# रिहैब सेंटर पहुंचे इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के डायरेक्टर की मौत, हार्ट अटैक की आशंका

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**डिप्रेशन के चलते उपचार कराने गए थे, 2 घंटे बाद ही थमी सांसें**

लसुड़िया थाना इलाके के महालक्ष्मी नगर स्थित एक रिहैब सेंटर नशा मुक्ति केंद्र में रविवार शाम एक दुखद घटना सामने आई। जहां एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के डायरेक्टर की सेंटर पहुँचने के महज दो घंटे बाद हार्ट अटैक से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वे काम के तनाव के चलते डिप्रेशन में थे और नशे की लत छोड़ने के लिए खुद ही उपचार कराने पहुँचे थे।

मृतक का नाम आयोग पिता रामकुमार पटेरिया (50), निवासी शालीमार सुखलिया है। उनके पिता रामकुमार पटेरिया मध्य प्रदेश शासन के वरिष्ठ अधिकारी रह चुके हैं। वे रतलाम नगर निगम में कमिश्नर और विदिशा के सरकारी अस्पताल में वरिष्ठ पदों पर सेवाएँ दे चुके हैं। वर्तमान में वे बैतूल में रहते हैं। परिजनों और दोस्तों के अनुसार, आयोग पिछले कुछ समय से व्यावसायिक तनाव के कारण मानसिक रूप से परेशान थे, जिसकी वजह से उन्हें नशे की लत लग गई थी। वे इस लत से बाहर निकलना चाहते थे और परिवार से चर्चा करने के बाद रविवार शाम को ही महालक्ष्मी नगर स्थित रिहैब सेंटर पहुँचे थे। सेंटर पहुँचने के करीब दो घंटे बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर मौत की वजह हार्ट अटैक बताई। लसूडिया पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बिंदु पर भी गौर कर रही है कि क्या सेंटर पहुँचने के बाद उन्हें कोई दवा दी गई थी या तनाव के कारण अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के विस्तृत बयानों का इंतज़ार किया जा रहा है।

# मल्टी के रहवासी ने सुरक्षाकर्मी को डंडे से पीटा

## श्वानों को अंदर नहीं करने पर हुआ विवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तुकोगंज थाना इलाके में रसूखदार द्वारा सुरक्षाकर्मी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। न्यू पलासिया स्थित एक मल्टी में रहने वाले युवक ने केवल इस बात पर गार्ड की पिटाई कर दी कि उसने उसके पालतू श्वानों को समय पर अंदर क्यों नहीं किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी नीरज पाण्डे मूल निवासी रीवा, हाल पता न्यू पलासिया रॉयल पार्क मल्टी में सुरक्षाकर्मी के रूप में तैनात हैं। नीरज ने पुलिस को बताया कि वह रात में अपनी ड्यूटी पर थे, तभी मल्टी में ही रहने वाला हर्ष उनके पास आया। आरोपी ने नीरज पर चिल्लाते हुए कहा कि 'मेरे श्वानों को अंदर क्यों नहीं किया?' जब नीरज ने बिना कारण गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी हर्ष अपना आपा खो बैठा। उसने पास पड़ा डंडा उठाया और गार्ड पर हमला कर दिया। डंडे और हाथ-मुक्कों से की गई इस मारपीट में नीरज के दाहिने पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, तब कहीं जाकर बीच-बचाव हुआ। पीड़ित सुरक्षाकर्मी की शिकायत पर तुकोगंज पुलिस ने आरोपी हर्ष के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# गाली देने से रोका तो बदमाशों ने घोंपा चाकू, डंडों से भी पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एमआईजी थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद चाकूबाजी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। गाली-गलौज का विरोध करने पर दो बदमाशों ने मिलकर दो युवकों की बेरहमी से पिटाई की और एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना रात करीब 9:00 बजे नंदा नगर स्थित आस्था टॉकीज के सामने हुई। फरियादी आकाश पाल निवासी विनोबा नगर अपने दोस्त शुभम गुप्ता के साथ उसके घर के पास खड़ा था। इसी दौरान वहां नंदा नगर के ही रहने वाले बदमाश प्रशांत जैन और उसका साथी देव उर्फ छोटू विश्वकर्मा पहुँचे और बिना कारण गाली-गलौज करने लगे। जब शुभम गुप्ता ने गाली देने का विरोध किया, तो आरोपी भड़क गए। आरोपी छोटू ने डंडे से शुभम के सिर पर वार कर दिया। इसके बाद दोनों आरोपियों ने आकाश और शुभम को डंडों और हाथ-थप्पड़ों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। विवाद के दौरान आरोपी प्रशांत जैन ने अपनी कमर से चाकू निकाला और शुभम की जांघ पर मार दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल शुभम को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एमआईजी पुलिस ने आकाश पाल की शिकायत पर आरोपी प्रशांत जैन और देव उर्फ छोटू विश्वकर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# गाली देने से रोका तो आरोपी ने पत्थर मारकर फोड़ा सिर

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के नावदापंथ में एक युवक को गाली-गलौज का विरोध करना महंगा पड़ गया। आरोपी ने सरेराह फरियादी पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, घटना नावदापंथ क्षेत्र की है। फरियादी सुखराम बारिया निवासी हिम्मतगढ़ नावदापंथ अपने परिवार के साथ रविवार को पीथमपुर स्थित जानापाव मंदिर घूमने के लिए निकल रहे थे। जैसे ही वे इलाके में एक किराना दुकान के पास पहुँचे, वहां मौजूद आरोपी गोपाल उर्फ छोटू उन्हें देखकर बिना किसी कारण गालियां देने लगा। जब फरियादी ने आरोपी को परिवार के सामने गाली देने से मना किया और विरोध जताया, तो आरोपी भड़क गया। उसने पास पड़ा एक बड़ा पत्थर उठाया और फरियादी के सिर पर दे मारा। हमले में फरियादी का सिर फट गया और खून बहने लगा। मारपीट के दौरान आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि 'आइंदा मुझे गाली देने से मना किया, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।' घायल फरियादी की शिकायत पर चंदन नगर पुलिस ने आरोपी गोपाल उर्फ छोटू के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।